ISSN (ONLINE) - 2582-9440
वर्ष 6 अंक 2 जुलाई – दिसम्बर 2025
पौष मास, शुक्ल पक्ष, विक्रम संवत् 2082
Vol. 6 (2) July - December 2025

स्वदेशी विज्ञान पत्रिका
SWADESHI VIGYAN PATRIKA

Modern Science and Indian Knowledge Systems
आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा

Multilingual Science Magazine Dedicated to the Development of Swadeshi Vigyan, Integrating Traditional & Modern Sciences Catering to National Needs and Society

Published by - Vigyan Bharti, Delhi
प्रकाशक – विज्ञान भारती, दिल्ली
www.swadeshisciences.org

NATIONAL CONFERENCE: FEW GLIMPSES

Sustainable Approaches Towards Water Supply and Waste Management

ORGANIZED BY:

• SWADESHI SCIENCE MOVEMENT OF DELHI

Aryabhatt Ssamman 2025 For Best Paper Presentation.

Falicitation of Working President SSMD Prof Vikas Srivastava By Chairman IWWA, Prayagraj Centre Er. G. C. Dubey.

Falicitation of Er.R. K. Chauhan By Working President SSMD Prof Vikas Srivastava

Falicitation of Er. R. C. Maurya by Secrretary IWWA, Prayagraj Centre Prof R. C. Vaishya

Falicitation of Chairman IWWA, Prayagraj Centre Er. G. C . Dubey.

Felicitation of Joint Organizing Secretary Dr. Satyendra Nath by President SSMD Dr. D. P. Bhatt.

ISSN (ONLINE) - 2582-9440
वर्ष 6 अंक 2 जुलाई – दिसम्बर 2025
पौष मास, शुक्ल पक्ष, विक्रम संवत् 2082
Vol. 6 (2) July - December 2025

स्वदेशी विज्ञान पत्रिका
SWADESHI VIGYAN PATRIKA

Modern Science and Indian Knowledge Systems
आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा

SWADESHI VIGYAN PATRIKA SECRETARIAT:
907/1 Chandra Vihar Colony, Jhansi 284002
E-mail: vigyanpatrika@swadeshivigyan.org, swadeshivigyan@swadeshivigyan.org
Website: www.swadeshisciences.org

Bi-annual publication of the Swadeshi Vigyan Patrika (SVP) is an unique effort to bring advances in all aspects of Swadeshi Vigyan - Indigenous Science, Engineering & Technology integrating Traditional & Modern Sciences catering to National needs and Society in large using Bharatiya languages without opposing English. The Editorial Board welcomes original articles / Research papers from experts, researchers & grass root innovators of this country and overseas both and owe no responsibility for the statements and opinions presented by authors. The Editorial Board & staff in its working of examining articles for their publication is assisted, in an Honorary capacity, by several reputed Scientists.

Communication mode for sending contributions in the SVP:

vigyanpatrika@swadeshivigyan.org, swadeshivigyan@swadeshivigyan.org or to Editorial Board members.

Annual Subscription

INR 400/- $ 30 (Includes postal expenditure)

Biennial Subscription

INR 700/- $ 50 (Includes postal expenditure)

Subscription (Single copy)

INR 200/- $ 20 (Includes postal expenditure)

All correspondences related to the Subscription and Advertisements be made in the following address:

Sales & Distribution Officer

Secretariat, SVP
907/1 Chandra Vihar Colony, Jhansi 284002 (India)

Rebate of 15% in Annual subscription will be given for Institutional/Libraries category in India.

All kinds of payments should be made as DD/Local cheque in favour of **"Swadeshi Science Movement of India, Delhi".** Alternatively, on line payment in the S/B account may be possible on request.

Website : www.swadeshisciences.org

SWADESHI SCIENCE MOVEMENT OF INDIA, DELHI
(ALSO CALLED AS VIGYAN BHARATI, DELHI)

List of Governing Council (GC) & Executive Committee (EC) Members

1.	**Prof. Dr. K. I. Vasu** Founder National President, SSM/VIBHA Formerly Director, CSIR-CECRI	Patron & GC Member
2.	**Padma Shri Dr. P. Pushpangadan** Director General, Amity Institute for Herbal & Biotech Products Development & Sr. Vice President, RBEF, New Delhi	Patron & GC Member
3.	**Dr. Vijay Shanker Rai**	Patron, SSM'D
4.	**Mr S.C.Garg** Ex Acting Director,CSIR NPL , New Delhi	Advisor
5.	**Dr. D. P. Bhatt** Formerly Chief Scientist & Head, IPR'M NPL, New Delhi	President
6.	**Dr. Vikas Srivastava** Professor, Deptt. of Civil Engineering SHUATS, Prayagraj	Working President and Organising secretary
7.	**Dr. Prashant Kumar Mishra** Member Jharkhand Biodiversity Board Former Head Department of Botany., Biotechnology. Former Director CND and IQAC	Vice President
8.	**Dr. Rashmi Sharma** Professor, Dept. of Chemistry S.P.C. Govt. College, Ajmer	Vice-President
9.	**Sh. Roshan Agrawal** CEO, Siddhast IP. Innovations P. Ltd G2 – Vasudev Apartment, Khanpur, Delhi	Gen. Secretary
10.	**Sh. V. K. Gupta** I/C Workshop, NPL, New Delhi	Treasurer
11.	**Dr. Ashutosh Pareek** Associate Professor, Department of Sanskrit SPC Govt. College, Ajmer	Joint Secretary
12.	**Prof. Sanjay Kumar Sharma** GBU Gautam Buddh Nagar	EC Member
13.	**Prof. K. Jothivenkatachalam** Professor and Head Dept.of Chemistry Uce-Bit Campus Anna University	EC Member

14. **Dr. Amit Ranjan** — EC Member
Assistant Professor,
Deptt of Botany,
Vinoba Bhave Univ.
Hazaribag

15. **Prof Anita Khurana** — EC member
Principal , Govt Girls College , Nasirabad

16. **Dr. S. Karthikeyan** — EC Member
Associate Professor and Head, PG & Research
Department of Chemistry, Chikkanna Government
Arts College, Tirupur -641602, Tamilnadu, India.

17. **Adv. Sh. Harish Kumar** — EC Member
46, EaswaranKoil St., Erode

18. **Dr. Vinay Kumar** — EC Member
Professor of Physics, Saudi Arabia.
Kodesia Building, Nainital Road, Bareilly

19. **Sh. Madhukar Swayambhu** — EC Member
Research Head & Founder Member
Vedic Cownomics (P) Ltd
411, Ground Floor, Shakti Khand-1, Gurudwara
Road, Indirapuram, Ghaziabad -201014,

20. **Dr. Shakti Suryavanshi** — EC Member
Scientists C
NIH Roorkee

21. **Dr. Ankit Kumar Sharma** — EC Member
Lecturer, Department of Civil Engineering,
Government Polytechnic, Changipur, Bijnor, U.P.
Physical address: Poonam Vihar, Khushalpur Road,
Moradabad -244001, Uttar Pradesh

22. **Dr. Jaya Sinha** — EC Member
Assistant Professor
University Department of Clinical Nutrition and Dietetics
Vinoba Bhave university
Hazaribag, Jharkhand

SWADESHI VIGYAN PATRIKA

Multilingual Science Magazine Dedicated to the Development of Swadeshi Vigyan, Integrating Traditional & Modern Sciences Catering to National Needs and Society

Vol. 6 (2) July - December 2025

संरक्षक, स्व. वि. प.

Patron, SVP

Dr. D.P. Bhatt
President, SSM'D
Formerly Chief Scientist & Head, IPR'M, CSIR - NPL

मुख्य संपादक

Chief Editor

Dr. Vikas Srivastava
Professor
Department of Civil Engineering, SHUATS
Prayagraj, U.P.

Published by the Vigyan Bharti, Delhi
Secretariat, SVP: 907/1 Chandra Vihar Colony Jhansi 284002, U.P.
Compilation & Design: Sh. Sachin Sharma
Emails: vigyanpatrika@swadeshivigyan.org, swadeshivigyan@swadeshivigyan.org
Website: www.swadeshisciences.org

प्राक्कथन

देश में स्वदेशी साइंस मूवमेंट ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध विज्ञान भारती द्वारा विगत 3 दशकों में विज्ञान, अभियान्त्रिकी, तकनीकी, शिक्षा, आध्यात्मिक व सामाजिक विकास के क्षेत्र में अनेकानेक प्रकाशनों की श्रृंखला अभियान के अंतर्गत अब ई–स्वदेशी विज्ञान पत्रिका का बहुभाषीय सृजन एक महत्वपूर्ण प्रकल्प बना है, जिसमें पुरातन व आधुनिक विज्ञान के समन्वयन के मार्ग में नवाचारों के संवर्धन हेतु वर्तमान आवश्यकताओं के तहत पुनश्च ज्ञान, विज्ञान, संज्ञान को आधुनिकतम सामाजिक चाहत की आवश्यकता के समग्र बोध के साथ समझते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नए दौर को भी इस अंक में समाहित किया है। आशा है कि इस अवसर पर प्रकाशित बहुभाषीय अंक निश्चित रूप से प्रेरणादायक सिद्ध होगा। साथ में चूंकि नव–प्रवर्तन एक क्रमबद्ध, संगठित एवं तार्किक कर्म है, जो सामान्यतः विश्लेषण, परीक्षणों और प्रयोगों से गुजर कर ही अंतिम परिणति तक पहुंचता है, इसलिए मुझे ऐसी आशा है कि भावी प्रकाशनों की उत्कृष्टता और उनके निष्पादन को सामान्य जन–जन के साथ बांटकर विश्व–व्यापी मील का पत्थर बनाना है, जिसके लिए विज्ञान भारती दिल्ली टीम व सभी साझेदारों को साधुवाद।

प्रबुद्ध पाठकों से अपेक्षा है कि अपने अर्जित ज्ञान को आगे जाकर जनमानस में प्रचार–प्रसार करें व हमारे भावी कार्य कलापों हेतु भी अपनी राय व मार्गदर्शन देकर हमें प्रोत्साहित व अनुग्रहित करते रहें।

(डॉ. देवेंद्र प्रकाश भट्ट)

दिनांक – 31.12.2025
स्थान –' ग्रेटर नोएडा

SWADESHI VIGYAN PATRIKA

संपादक मण्डल
Editorial Board

1. **Dr. Rashmi Sharma**
   Professor, Chemistry
   S.P.C. Govt. College, Ajmer, Rajasthan

2. **Shri. Roshan Agarwal**
   CEO, Siddhast IP Innovation Pvt Ltd
   Gen. Secretary SSM'D
   907/1 Chandra Vihar Colony Jhansi, U.P.

3. **Dr. Ashutosh Pareek**
   Associate Professor, Sanskrit
   S.P.C. Govt. College, Ajmer, Rajasthan

4. **Dr. S. Karthikeyan**
   Associate Professor
   PG & Research Department of Chemistry
   Chikkanna Govt. Arts College, Thirupur, T. N.

5. **Dr Atul Agarwal**
   Retd. Chief Scientist
   CBRI, Roorkee, Uttarakhand

6. **Dr. Kulwant Singh**
   Scientist H
   BARC, Mumbai, Maharashtra

7. **Dr. T. P. Ijinu**
   Young Scientist
   Amity Institute for Herbal and Biotech Products Development, Thiruvananthapuram, Kerala

8. **Dr. Prashant Kumar Mishra**
   Former Director, Internal Quality Assurance Cell
   Director, Deptt. of Clinical Nutrition and Dietetics &
   Head, Department of Biotechnology
   Vinoba Bhave University, Hazaribag

सम्पादकीय

स्वदेशी विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा (IKS) भारत की हजारों वर्षों पुरानी वैज्ञानिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत है, जो वेदों, उपनिषदों, आयुर्वेद, योग, गणित और खगोलशास्त्र में निहित है। यह परंपरा प्रकृति के साथ सामंजस्य, सतत् विकास और समग्र स्वास्थ्य (योग–आयुर्वेद) पर जोर देती है, जो आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक है। आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा (IKS) का संयोजन प्राचीन प्रज्ञता और आधुनिक नवाचार का एक अनूठा मिश्रण है। भारतीय परंपरा (आयुर्वेद, खगोल, गणित) जहाँ समग्र और अनुभवात्मक है, वहीं आधुनिक विज्ञान प्रयोग आधारित है। दोनों का मिलन पर्यावरण स्थिरता, स्वास्थ्य (योग/आयुर्वेद) और टिकाऊ विकास के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण (NEP 2020) प्रदान करता है। भारतीय ज्ञान परंपरा अनुभव और चेतना (Consciousness) पर केंद्रित है, जबकि आधुनिक विज्ञान प्रयोग और मापन (Measurement) पर जोर देता है। प्राचीन भारतीय विद्वानों (आर्यभट्ट, चरक, सुश्रुत) ने गणित, चिकित्सा, खगोलशांस्त्र और वास्तुकला में ऐसे सिद्धांत दिए जो आज भी प्रासंगिक हैं। आयुर्वेद, योग और नाड़ी चिकित्सा जैसे पारंपरिक ज्ञान, 100 वर्ष तक स्वस्थ जीवन की भारतीय अवधारणा को आधुनिक जीवनशैली के साथ जोड़कर चिकित्सा में नई राह दिखा रहे हैं। भारतीय परंपरा में प्रकृति के साथ संतुलन में जीने की सीख है, जो वर्तमान के सतत् विकास लक्ष्यों के अनुरूप है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय ज्ञान प्रणाली को आधुनिक पाठ्यक्रम में शामिल करने पर जोर देती है, जिससे छात्रों में वैज्ञानिक सोच के साथ– साथ सांस्कृतिक गौरव विकसित हो। पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक प्रमाणों के साथ सत्यापित करना और उसे प्रलेखित करना मुख्य चुनौती है। अंतः विषय अनुसंधान (Inter-Disciplinary Research) के माध्यम से इन दोनों का संयोजन विश्व के लिए एक संतुलित और समावेशी वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर सकता है। वैदिक ग्रन्थ की रचना गहन चिन्तन और नितान्त वैज्ञानिक आधार पर कि गई है आधुनिक विज्ञान की जननी भी भारतीय धर्म विज्ञान है जो अरब देशो से होते है पश्चिमी देशो तक पहुँची आधुनिक विज्ञान का स्वरूप ग्रहण करके विश्व में प्रतिष्ठित हुई भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा आज के इस जीवन पद्धति के कारण बढ रहे संकटों के लिए रामबाण है। वर्तमान में स्वदेशी ज्ञान के संरक्षण और आधुनिक विकास परियोजनाओं में इसके एकीकरण पर जोर दिया जा रहा है। यह न केवल सांस्कृतिक पहचान को पुनर्जीवित करता है बल्कि सतत् विकास के वैकल्पिक तरीके भी प्रदान करता है।

भारतीय स्वदेशी विज्ञानं आंदोलन के अंतर्गत डॉ वासु की प्रेरणा एवं डॉ भट्ट के नेतृत्व में विगत ३ दशकों से चलाये जा रहे अभियान की श्रृंखला में इस पत्रिका का वर्तमान अंक का प्रकाशन भारत के विभिन्न क्षेत्रो एवं भाषाओं से स्वदेशी विज्ञानं एवं समाज को जोड़कर प्रबुद्ध लेखकों के विचार, चिंतन, शोधों एवं प्रयोगों को जनमानस तक पहुँचाने एवं युवा लेखकों के मौलिक विचारों एवं शोधों को विस्तार देने तथा प्रचारित करने हेतु प्लेटफॉर्म प्रदान करने का प्रयास है। इस अंक में नवप्रवर्तन और आविष्कारशीलता, प्रकृति से तकनीक, वर्तमान मकर संक्रांति, दुर्लभ मृदा तत्व, जलवायु परिवर्तन का व्यावसायिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, कृत्रिम बौद्धिकता, भूस्खलन शमन प्रदर्शन–आधारित भूकंपीय अभिकल्पन से सम्बंधित लेख प्रस्तुत है। विज्ञानं भारती दिल्ली की कार्यकारिणी, वरिष्ठ सदस्यों एवं पत्रिका के सम्पादकीय मंडल को मुझे यह अवसर देने हेतु हृदय से आभार। साथ ही सम्मानित लेखकों को उनके सक्रिय योगदान हेतु कोटि– कोटि धन्यवाद। इस पत्रिका के प्रकाशन में शामिल सभी जनों का उनके योगदान हेतु हृदय से आभार। त्रुटियों के संशोधन एवं पाठकों के प्रेरणास्पद सुझाव प्रोत्साहन हेतु सदैव आमंत्रित हैं।

शुभकामनाओं सहित सादर ––
विकास श्रीवास्तव
मुख्य संपादक

स्वदेशी विज्ञान पत्रिका

Swadeshi Vigyan Patrika

Contents / विषय सूची

			Page Nos.
1.	Governing Council & EC		01
2.	प्राक्कथन		04
3.	Editorial Board		05
4.	संपादकीय		06
5.	स्तम्भ	संस्कृत, संस्कृति और ज्ञान–विज्ञान : एक अनुपम संगम	08
6.	डॉ. अनिल कुमार एवं अंजली सिंह	**नवप्रवर्तन और आविष्कारशीलता के विकास में ज्ञान, विज्ञान और प्रज्ञान की भूमिका**	10
7.	डॉ. ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव	क्या वर्तमान मकर संक्रांति ही वैदिक उत्तरायण है ? दोनों में अब पञ्चाङ्ग के अशुद्ध गणित के कारण 24 दिन का अन्तर आ गया है।	16
8.	Ms. Pratibha Gupta	Artificial Intelligence (AI): Transforming Safety and Health at Workplace	20
9.	डॉ. श्याम सुंदर शर्मा, डॉ. सविता शर्मा	दुर्लभ मृदा तत्व और उनके अनुप्रयोग	23
10.	Mr. Ankit Varshney	A Review of Structural (Engineering) Methods of Landslide Mitigation	25
11.	सपना	समकालीन हिंदी विज्ञान कथाओं में विज्ञान संचार की उपादेयता	32
12.	Ms. Pratibha Gupta	Climate Change: Impact on Occupational Health	36
13.	Ashish Simalti, Nikta Jain, Ankit Varshney & Gaurav Jaiswal	Performance-Based Seismic Design: A Comprehensive Review of Principles, Methodologies and Practice	40
14.	Guideline For Authors		48
15.	Membership Form		50



भाग 12

''विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते'' (यजुर्वेद 40.11)

यजुर्वेद के अनुसार जो मनुष्य विद्या (आध्यात्मिक ज्ञान) और अविद्या (कर्म, सांसारिक कर्तव्यध्तकनीकी ज्ञान) दोनों को एक साथ जानता है, वह अविद्या से सांसारिक बाधाओं को पार करता है और विद्या से अमरत्व (मोक्ष) को प्राप्त करता है। यही भौतिक और आध्यात्मिक जीवन का वास्तविक संतुलन है।

वर्तमान युग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का युग कहा जाता है। आर्थिक, वैज्ञानिक, और भौतिक प्रगति आज वैश्विक विकास की आधारशिला बन चुकी हैं। इसी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नए दौर ने **'विज्ञान : वरदान या अभिशाप'** की बहस को फिर से तेज कर दिया है। लेकिन यह भी सच है कि बहस जितनी तेज होती जाती है, विज्ञान की प्रगति उतनी ही अधिक गति से आगे निकल जाती है और अन्ततः उसके साथ एकरूप हो जाना ही नियति बन जाता है। आज भारत को इसे मजबूरी के रूप में नहीं, अपितु एक अवसर के रूप में देखना चाहिए और भारतीय चिन्तन के संतुलित समन्वय के साथ आगे बढ़ना चाहिए। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में हुई अंतरराष्ट्रीय AI समिट के दौरान कहा था कि पारदर्शिता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। साझा किया गया विज्ञान मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। यदि AI दिशाहीन हुई तो घातक हो सकती है और यदि संतुलित, समन्वित एवं संयमित हुई तो हर समस्या के लिए समाधान देने वाली हो सकती है। अतः निर्णय हमारे हाथों में हैं। विज्ञान को सभी के लिए उपयोगी, सर्वसुलभ और सर्वकल्याण की भावना से कार्य करने की आवश्यकता है और भारतीय चिन्तन इस दिशा में वैश्विक नेतृत्व की सामर्थ्य रखता है। अतः भारत मण्डपम, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की थीम रखी गई– 'सर्वजनहिताय, सर्व जनसुखाय' अर्थात् सभी के कल्याण, सभी की प्रसन्नता के लिए।

विज्ञान की उन्नति ने मानव को कुशलता के साथ अधिक जागरूक बनाया है। अतः विज्ञान और ज्ञान की सहरूपता अत्यावश्यक है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव के द्वारा तैयार उपयोगी संसाधन है, जिसके लिए मानवीय कुशलता और संयमित विचारों के साथ ही वैश्विक कल्याण की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है।

आधुनिक एआई के बीज शास्त्रीय दार्शनिकों द्वारा बोए गए थे, जिन्होंने मानव चिंतन की प्रक्रिया को प्रतीकों के यांत्रिक स्वरूप में वर्णित करने का प्रयास किया था। यह कार्य ज्ञान और विचारों के माध्यम से परिणत हुआ, जिसके आधार पर आज हम तकनीकी प्रगति को देख रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स जैसे अनेक प्रसंग विभिन्न वैदिक एवं पौराणिक ग्रन्थों में मिलते हैं, जहाँ प्राचीन लोगों ने कृत्रिम जीवन, स्वचालित यंत्रों (या रोबोट), स्व–चालित मशीनों आदि का वर्णन किया था, उस समय से बहुत पहले जब प्रौद्योगिकी ने उन्हें साकार करना संभव बनाया था। जिस AI की चर्चा इन दिनों जोरों पर है, उस कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की आधुनिक अवधारणा पर चर्चा 1956 में डार्टमाउथ कॉलेज में जॉन मैकार्थी और मार्विन मिंस्की के मार्गदर्शन में आयोजित एक कार्यशाला में हुई थी। 1960 के दशक में प्रोफेसर एच. एन. महाबला के कार्यों के माध्यम से एआई ने भारत में प्रवेश किया। यूएनडीपी द्वारा 1986 में विकसित ज्ञान–आधारित कंप्यूटिंग सिस्टम (केबीसीएस) ने भी भारत को एआई पर ध्यान केंद्रित करने का मार्ग प्रशस्त किया। भारत सरकार की डिजिटल

इंडिया पहल ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी के विकास को और अधिक गति प्रदान की है। एआई को समर्थन देने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक विशेष पहल 'सभी के लिए एआई' थी, जिसे 2018 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए राष्ट्रीय रणनीति के तहत जारी किया गया था।

आज AI प्रयोगशालाओं या कुछ बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं रह गया है, अपितु यह दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। आज AI शिक्षा, अनुसंधान, स्वास्थ्य, बैंकिंग, आर्थिक विकास, व्यवसाय एवं वाणिज्य, प्रबन्धन, सामाजिक संरचना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ विज्ञान और नवाचारों को दिशा देने लगा है। भारत के इंडिया एआई मिशन के सात स्तंभ हैं –

1. कंप्यूट स्तंभ (उच्च–स्तरीय जीपीयू उपलब्ध कराना); 2. एप्लिकेशन डेवलपमेंट पहल (भारतीय आवश्यकता के अनुसार एआई एप्लीकेशन विकसित करना); 3. एआईकोश डेटासेट प्लेटफॉर्म (AI मॉडलों के प्रशिक्षण के लिए बड़े डेटासेट विकसित करना); 4. फाउंडेशन मॉडल (भारतीय डेटा और भाषाओं का उपयोग करके भारत के अपने बड़े मल्टीमॉडल विकसित करना); 5. फ्यूचर स्किल्स (एआई–कुशल पेशेवर तैयार करना); 6. स्टार्टअप फाइनेंसिंग (एआई स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान करना); 7. सुरक्षित और विश्वसनीय एआई (मजबूत शासन के साथ जिम्मेदार एआई एडॉप्शन को सुनिश्चित करना)। किन्तु इतना पर्याप्त नहीं, जब तक यह समावेशी, लोकतांत्रिक, सर्वजनसुखाय और सर्वजनहिताय न हो और इसके लिए प्राचीन भारतीय चिन्तन कुशल मार्गदर्शक हो सकता है।

AI ने भारतीय ज्ञान–विज्ञान की उपादेयता को सिद्ध करने का अभिनव मार्ग प्रदान किया है। जरा सोचिए कि एक ऐसी मशीन हो, जो केवल सवालों का जवाब न दे, बल्कि हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता की सोच को समझ सके। जो शब्दों को नहीं, विचारों की संरचना को पढ़ सके। आज भारत उसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठा रहा है। चेन्नई के मायलापुर क्षेत्र से निकल रही संस्कृत लार्ज लैंग्वेज मॉडल (दोतपज स्स्ड) की पहल केवल तकनीकी समाचार नहीं है , यह भारत की सभ्यतागत स्मृति और आधुनिक डेटा साइंस का संगम है। यह प्रयास है, संस्कृत के व्याकरण को सिखाने का उसके तर्कशास्त्र को समझाने का और भाषा की आंतरिक संरचना को AI के भीतर उतारने का है। करीब 1,10,000 से अधिक दुर्लभ संस्कृत ग्रंथों और पांडुलिपियों पर यह मॉडल प्रशिक्षित किया जा रहा है। भारतीय ज्ञान–परंपरा अतीत की स्मृतिमात्र नहीं है, अपितु तर्क, विज्ञान और जीवन–दृष्टि की एक सशक्त परंपरा रही है। खगोल, गणित, आयुर्वेद, वास्तुकला, अध्यात्म और दर्शन – इन सभी क्षेत्रों में भारत ने मानवता को मौलिक दृष्टि दी। आज संस्कृत लार्ज लैंग्वेज मॉडल (Sanskrit LLM) इस परंपरा को नए युग से जोड़ने का माध्यम बन रहा है। संस्कृत स्स्ड भारतीय ज्ञान को अनुवाद के माध्यम से नहीं, बल्कि उसकी मूल भाषा, संरचना और तर्क–पद्धति में समझने और प्रस्तुत करने की क्षमता रखती है। इससे भारतीय समाज अपने बौद्धिक विरासत को हीनता के भाव से नहीं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ देख सकेगा। यह पहल पश्चिमी प्रभाव से मुक्ति का ही नहीं, बल्कि बौद्धिक आत्मनिर्भरता का भी मार्ग है।

भारतीय चिन्तन कभी भी केवल तकनीक एवं भौतिक संसाधनों पर आश्रित नहीं रहा और यही कारण है कि प्राचीन ऋषि परम्परा में मानवीय कल्याण के विविध आयामों के लिए पंचकोशीय ज्ञानपद्धति को विकसित किया गया। तैत्तिरीय उपनिषद् के अनुसार आत्मा पाँच आवरणों से घिरी होती है, जिन्हें "पञ्चकोश" कहा जाता है। मनुष्य केवल शरीर नहीं, बल्कि एक ऊर्जा, मन, बुद्धि और आत्मा का समन्वित अस्तित्व है। अतः अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय कोशों के द्वारा शारीरिक, प्राणिक ऊर्जा, मानसिक (वैचारिक), बौद्धिक और आध्यात्मिक सामर्थ्य को उत्पन्न किया जाता है। अतः कहा गया –

"विद्या वितर्को विज्ञानं स्मृतिः तत्परता क्रिया।
यस्यैते षड्गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते"

जिसमें विद्या, वितर्क, विज्ञान, स्मृति, तत्परता और क्रियाशीलता – ये छह गुण हैं, उसके लिए कुछ भी असाध्य (अप्राप्य) नहीं है। अतः वर्तमान विश्व को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आवश्यकता है लेकिन साथ ही संयमित, कुशल और नैतिक आत्मबोध के साथ। हमें कृत्रिम और प्राकृतिक में सन्तुलन स्थापित करना होगा और यह संतुलन एआई को सर्वहितैषी एवं सर्वोपयोगी बनाएगा। आज हमें एक मन, एक बुद्धि और एक होकर कृत्रिम को स्वभावानुकूल, ज्ञान को आत्मानुकूल, विज्ञान को सर्वानुकूल एवं आज को भविष्यानुकूल बनाने की ओर अग्रसर होने चाहिए। अतः ऋग्वेद कहता है कि समान विचार, समान संघटन, समान मन और चित्त पूर्वक समान रूप से सभी के हित में कर्म करें।

समानो मन्त्रः समितिः समानी,
समानं मनः सह चित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभि मन्त्रये वः,
समानेन वो हविषा जुहोमि (ऋग्वेद 10.191.3)

इति अलम्....
डॉ. आशुतोष पारीक की कलम से।

नवप्रवर्तन और आविष्कारशीलता के विकास में ज्ञान, विज्ञान और प्रज्ञान की भूमिका

डॉ. अनिल कुमार एवं अंजली सिंह
रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
Former Professor and Head
Department of Molecular Biology and Genetic Engineering college
of Basic sciences and Humanities]
G-B-Pant University of Agriculture and Technology Pantnagar]Uttarakhand India]
E mail : anilkumar.mbgt@gmail.com

लेखक परिचय

लेखक वर्तमान में रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी में निदेशक शिक्षा के पद पर सुशोभित है। लेखक डॉक्टर सी सुब्रह्मण्य सर्वश्रेश्ठ शिक्षक सम्मान (ICAR) डॉ एस राधाकृष्णन यूनिवर्सिटी सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, डॉ बी बी सिंह सर्वश्रेष्ठ शोधार्थी सम्मान,INSA सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान 2014 जैसे कई पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्तित्व है।

1. सारांश

यह लेख आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ज्ञान, विज्ञान और प्रज्ञान की समन्वित भूमिका को रेखांकित करता है तथा नवाचार और आविष्कारशीलता के विकास को भारतीय सांस्कृतिक, दार्शनिक और वैज्ञानिक परंपरा से जोड़ता है। प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली गुरुकुल, नालंदा, तक्षशिला – में ज्ञान, विज्ञान और प्रज्ञान का संतुलित समावेश था, जिसने मानवता, सेवा और समग्र विकास को केंद्र में रखा। औपनिवेशिक (Maikale's education system) शिक्षा प्रणाली के प्रभाव से शिक्षा में रटंत प्रवृत्ति और स्वकेन्द्रित दृष्टि बढ़ी, जिससे संवेदना और सेवा–भाव कमजोर हुआ। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) इस कमी को दूर करते हुए रचनात्मकता, कौशल, नवाचार और उद्योग–शिक्षा सहयोग को प्रोत्साहित करती है। लेख में यह स्पष्ट किया गया है कि ज्ञान (सूचना), विज्ञान (प्रयोग–आधारित व्यवस्थित ज्ञान) और प्रज्ञान (विवेकपूर्ण जीवन–आचरण) मानव विकास की क्रमिक सीढ़ियाँ हैं, जिनका संतुलन ही सार्थक नवाचार को जन्म देता है। सनातन दर्शन में वसुधैव कुटुम्बकम्, कर्मयोग, करुणा और सेवा को सर्वोच्च मूल्य मानते हुए मानवता और समाज की सेवा को धर्म का मूल आधार बताया गया है। स्वयं की जागृति से प्राप्ति तक, आत्मचिंतन और जिज्ञासा के माध्यम से बौद्धिक क्षमता, भावनात्मक क्षमता और आध्यात्मिक क्षमता का समन्वय, व्यक्ति को सृजनशील, संवेदनशील और नवप्रवर्तक बनाता है। लेख कृषि, जैव–विविधता, सतत विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य, डिजिटलीकरण और बायोप्रॉस्पेक्टिंग जैसे क्षेत्रों में विज्ञानदृप्रौद्योगिकीदृनवाचार की संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डालता है। अंततः यह निष्कर्ष प्रस्तुत करता है कि भारतीय सनातन दर्शन से प्रेरित वैज्ञानिक सोच, आधुनिक प्रौद्योगिकी और सामाजिक उत्तरदायित्व का समन्वय ही नवाचार को मानव कल्याण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बना सकता है।

2. प्रस्तावना

21 वीं सदी को ज्ञान, विज्ञान और नवाचार की सदी के रूप में देखा जा रहा है। आज मानव सभ्यता जिस तीव्र गति से प्रगति कर रही है, उसके मूल में ज्ञान का संचय, विज्ञान का व्यवस्थित उपयोग और प्रज्ञान का विवेकपूर्ण अनुप्रयोग निहित है। केवल तकनीकी विकास या भौतिक उन्नति ही किसी समाज की वास्तविक प्रगति का मापदंड नहीं हो सकती, जब तक कि उसमें मानवीय संवेदना, नैतिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व का समावेश न हो। इसी संतुलन को भारतीय दर्शन में ज्ञान, विज्ञान और प्रज्ञान के त्रि–सूत्र के माध्यम से स्पष्ट किया

गया है। भारतीय सनातन परंपरा में ज्ञान को केवल सूचना नहीं, बल्कि आत्मबोध का साधन माना गया हैय विज्ञान को प्रकृति के नियमों को समझने और मानव कल्याण के लिए उनके प्रयोग का माध्यम तथा प्रज्ञान को जीवन में सत्य, विवेक और करुणा के समन्वय के रूप में स्वीकार किया गया है। यही समन्वय नवप्रवर्तन और आविष्कारशीलता को मानवता के हित में दिशा प्रदान करता है। प्राचीन भारत की शिक्षा एवं अनुसंधान परंपराएँ– जैसे नालंदा, तक्षशिला और गुरुकुल प्रणाली – इस संतुलित दृष्टिकोण के जीवंत उदाहरण रही हैं।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, जब समाज जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा और सतत विकास जैसी जटिल चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब केवल तकनीकी समाधान पर्याप्त नहीं हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए वैज्ञानिक सोच के साथ–साथ प्रज्ञा–आधारित दृष्टिकोण आवश्यक है, जो नवाचार को मानवीय मूल्यों से जोड़ सके। इसी संदर्भ में यह लेख ज्ञान, विज्ञान और प्रज्ञान की वैचारिक भूमिका को रेखांकित करते हुए यह स्पष्ट करने का प्रयास करता है कि इन तीनों का समन्वय ही नवप्रवर्तन को सार्थक, टिकाऊ और समाजोपयोगी बना सकता है।

3. ज्ञान, विज्ञान एवं प्रज्ञान का वैचारिक महत्व ज्ञान–सामान्य जानकारी, विज्ञान–विशिष्ट प्रयोग आधरित और व्यवस्थित ज्ञान और प्रज्ञान–ज्ञान को सही ढंग से समझने, अनुभव करने और जीवन में उतारने की गहरी बुद्धि या विवेक क्षमता । भारतीय दर्शन और चिंतन परंपरा में ज्ञान, विज्ञान और प्रज्ञान– ये तीनों शब्द मानव बौद्धिक विकास की क्रमिक सीढ़ियाँ माने जाते हैं। इनका वैचारिक महत्व केवल सूचना या अध्ययन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के सोचने, समझने और जीने के तरीके को गहराई से प्रभावित करता है।

* ज्ञान, विज्ञान, प्रज्ञान का वैचारिक महत्व ज्ञान का अर्थ है– सूचना, अनुभव और शिक्षण के माध्यम से प्राप्त समझ। यह व्यक्ति को सही–गलत, उचित–अनुचित का बोध कराता है। ज्ञान के बिना विचार अधूरे रहते हैं और निर्णय अस्थिर होते हैं। समाज की सांस्कृतिक परंपराएँ, नैतिक मूल्य और व्यवहारिक नियम ज्ञान के माध्यम से ही पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ते हैं। वैचारिक स्तर पर ज्ञान व्यक्ति को जिज्ञासु बनाता है और सोचने की दिशा प्रदान करता है। विज्ञान ज्ञान का व्यवस्थित और तर्कसंगत रूप है।

इसमें निरीक्षण, प्रयोग और विश्लेषण के आधार पर सत्य की खोज की जाती है। विज्ञान अंधविश्वास को चुनौती देता है और प्रमाण–आधारित सोच को विकसित करता है। वैचारिक रूप से विज्ञान मानव बुद्धि को अनुशासित करता है, कारण–कार्य संबंध समझाता है और समाज को प्रगति की ओर ले जाता है। आधुनिक तकनीक, चिकित्सा और संचार सभी विज्ञान की वैचारिक शक्ति के परिणाम हैं। प्रज्ञान ज्ञान और विज्ञान से आगे की अवस्था है। यह केवल जानना या समझना नहीं, बल्कि गहन विवेक और आत्मबोध से जुड़ा हुआ है। प्रज्ञान में व्यक्ति सत्य को अनुभव करता है और उसका जीवन उसी के अनुरूप ढल जाता है। वैचारिक दृष्टि से प्रज्ञान मनुष्य को करुणा, संतुलन और समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह बाह्य उपलब्धियों के साथ–साथ आंतरिक शांति और नैतिक चेतना को भी विकसित करता है।

4. जीवन का प्रमुख उद्देश्य

21 वीं सदी ज्ञान की सदी है और जिसके पास ज्ञान है उसी के पास बौद्धिक सम्पदा के साथ अकूत धन है। प्राचीन भारत में जिसके पास ज्ञान था। उसके पास (लक्ष्मी) धन नहीं होता है। जैसे हमारे सारे ऋषि, महर्षि, तपस्वी। क्योंकि उन्होंने धन को कभी मान्यता नहीं दी अपितु मानवता के साथ सेवा ही उनका प्रमुख लक्ष्य होता है, क्योंकि उन्हें मालूम था

5. सनातन संस्कृति एवं विज्ञान का महत्व

"मानवता और समाज की सेवा करना सनातन धर्म की मूल दर्शन–व्यवस्था है।" सनातन धर्म का मूल उद्देश्य केवल व्यक्तिगत मोक्ष या आत्मकल्याण नहीं है, बल्कि समग्र मानवता का उत्थान है। इसकी दर्शन–व्यवस्था व्यक्ति को समाज से जोड़ती है और सेवा को धर्म का सर्वोच्च रूप मानती है। सनातन परंपरा में "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावना निहित है, जो संपूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में देखने की दृष्टि देती है। यह विचार मानवता की सेवा को सीमित दायरे से निकालकर वैश्विक स्तर पर स्थापित करता है। यहाँ सेवा किसी दया–भाव से नहीं, बल्कि कर्तव्य और सह–अस्तित्व की भावना से की जाती है। कर्मयोग सनातन दर्शन का आधार हैकृनिष्काम भाव से किया गया कर्म ही सच्ची सेवा है। गीता में कहा गया है कि फल की चिंता किए बिना कर्म करना ही धर्म है। इससे व्यक्ति अहंकार से मुक्त होकर समाजहित में कार्य करता है। दया, करुणा और अहिंसा सनातन धर्म के नैतिक स्तंभ हैं। भूखे को भोजन देना, अशिक्षित को ज्ञान देना, पीड़ित की सहायता करनाकृये सभी मानवता की सेवा के व्यावहारिक रूप हैं। यही कारण है कि सेवा को परमो धर्मः कहा गया है। सनातन संस्कृति में दान, यज्ञ, सेवा और संस्कार सामाजिक संतुलन बनाए रखने के साधन हैं। ये व्यक्ति के संसाधनों और क्षमताओं को समाज के कल्याण से जोड़ते हैं।

"सनातन दर्शन – वैश्विक स्तर तक पहुँचते हुए"

"वसुधैव कुटुम्बकम्"
(विश्व हमारा परिवार है।)

सह नाववतु।
सह नौ भुनक्तु।
सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।
शान्तिः शान्तिः शान्तिः

हम साथ–साथ चले मिलकर रक्षा करें
साथ–साथ क्षमता प्राप्त करें
साथ–साथ प्रतिभाशाली बनें
साथ–साथ अध्ययन करें

ऐसा ही होने से हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और हम एक–दूसरे से बहस न करें।

इसका उदाहरण कछुआ और खरगोश की कहानी के नए दिए गए चिंतन से देखा जा सकता है। पहली दौड़ कछुए की जीत– एक जंगल में एक तेज दौड़ने वाला खरगोश रहता था। उसे अपनी तेजी पर बहुत घमंड था। वह हमेशा धीमे चलने वाले कछुए का मजाक उड़ाता था। एक दिन कछुए ने खरगोश को दौड़ की चुनौती दे दी। दौड़ शुरू हुई। खरगोश बहुत आगे निकल गया और घमंड में आकर रास्ते में सो गया। कछुआ धीरे–धीरे लेकिन लगातार चलता रहा और सबसे पहले मंजिल पर पहुँच गया। खरगोश को अपनी गलती का एहसास हुआ।

सीख– धीमी पर निरंतर कोशिश सफलता दिलाती है।

दूसरी दौड़ में खरगोश की जीत– पहली दौड़ हारने के बाद खरगोश को अपनी गलती समझ आ गई थी। अब वह घमंड छोड़कर मेहनत का महत्व जान चुका था। कुछ दिनों बाद जंगल में फिर से दौड़ का आयोजन हुआ। इस बार खरगोश ने कछुए को सम्मान से चुनौती दी। दौड़ शुरू हुई। कछुआ पहले की तरह धैर्यपूर्वक आगे बढ़ता रहा। खरगोश भी तेज दौड़ा, लेकिन इस बार उसने कहीं रुकने या आराम करने की गलती नहीं की। वह पूरी एकाग्रता से मंजिल की ओर बढ़ता रहा। अंततः खरगोश पहले मंजिल पर पहुँच गया और इस बार जीत उसकी हुई। कछुआ भी कुछ देर बाद मुस्कुराते हुए पहुँचा। दोनों ने एक–दूसरे को बधाई दी। खरगोश बोला, "आज मैंने सीखा कि मेहनत और अनुशासन से ही जीत मिलती है।"

सीख– सीख लेकर किया गया प्रयास सफलता दिलाता है।

तीसरी दौड़ः दोनों की जीत– तीसरी दौड़ में कछुआ और खरगोश फिर आमने–सामने थे। इस बार रास्ते में एक नदी थी। खरगोश तेज दौड़कर नदी तक तो पहुँच गया, लेकिन तैर नहीं सका। कछुआ धीरे–धीरे आया और अपनी पीठ पर खरगोश को बैठा लिया। कछुआ नदी पार करता गया और खरगोश भी सुरक्षित साथ रहा। नदी के उस पार खरगोश कछुए को उतारकर तेजी से दौड़ा और दोनों साथ–साथ मंजिल तक पहुँच गए। इस बार जीत किसी एक की नहीं थी, दोनों की थी।

सीख– मिलकर काम करने से हर कठिनाई आसान हो जाती है।

6. स्वयं की जाग्रति से प्राप्ति, चेतना से जिज्ञासा एवं सत्य की खोज स्वयं की जागृति का अर्थ है अपने भीतर झाँक कर सत्य को पहचानना। जब व्यक्ति स्वयं को प्रश्न पूछने की अनुमति देता है और उसकी चेतना जाग्रत होती है, तब जिज्ञासा का जन्म होता है। यह जिज्ञासा केवल जानने की इच्छा नहीं, बल्कि आत्म–विकास और सत्य की खोज का माध्यम बनती है। जाग्रत चेतना से उत्पन्न जिज्ञासा व्यक्ति को अज्ञान से ज्ञान की ओर और निष्क्रियता से सार्थक कर्म की ओर ले जाती है।

"यदि कोई व्यक्ति समाज की सेवा करना चाहता है, तो उसे ये प्रश्न स्वयं से पूछने होंगे। "मैं कौन हूँ? मेरी क्षमता क्या है? मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

* आत्मविश्लेषण और आत्मचिंतन के माध्यम से स्वयं को समझना ताकतें, कमजोरियाँ, अवसर, चुनौतियाँ या खतरे....

बौद्धिक क्षमता, भावनात्मक क्षमता और आध्यात्मिक क्षमता

मानव जाति के कल्याण से जुड़ी चुनौतियों में सार्थक योगदान देने के लिए व्यक्ति में बौद्धिक क्षमता, भावनात्मक क्षमता एवं आध्यात्मिक क्षमता का समन्वय होना आवश्यक है। यह समन्वय बौद्धिक क्षमता तथा प्रज्ञाधविवेककृदोनों के विकास में सहायक होता है। इसी के साथ मानव सृजनशीलता में आत्म–प्रबोधन, आत्म–साक्षात्कार एवं आत्म–चेतना का महत्वपूर्ण योगदान है।

7. सनातन दर्शन से वैज्ञानिक एवं नवप्रवर्तक सोच का निर्माण

सनातन दर्शन केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि एक गहन ज्ञान–परंपरा है, जो मानव को जिज्ञासा, तर्क और अनुभव के माध्यम से सत्य की खोज के लिए प्रेरित करती है। यही प्रवृत्ति वैज्ञानिक सोच और नवप्रवर्तन (Innovation) की मूल आधारशिला है।

सनातन दर्शन का मूल सूत्र है– "जिज्ञासा से ज्ञान, ज्ञान से विवेक और विवेक से प्रगति।" उपनिषदों में पूछे गए प्रश्न– "कोऽहम्?", "इदं किम्?", "कथं जगत् उत्पन्नम्?"– वही प्रश्न हैं जो आज विज्ञान ब्रह्मांड, चेतना और पदार्थ के संदर्भ में करता है। यह प्रश्नवाचक दृष्टि वैज्ञानिक अनुसंधान की आत्मा है।

ऋषि परंपरा में अनुभव (अनुभूति) और प्रमाण (तर्क) दोनों को समान महत्व दिया गया। सांख्य दर्शन का कारण–कार्य सिद्धांत, वैशेषिक का परमाणु सिद्धांत, योग का मनोविज्ञान और आयुर्वेद का समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण– ये सभी वैज्ञानिक सोच के प्रारंभिक रूप हैं, जो परीक्षण, अवलोकन और निष्कर्ष पर आधारित हैं।

नवप्रवर्तन के संदर्भ में सनातन दर्शन समन्वय और संतुलन सिखाता है। "प्रकृति और पुरुष", "शरीर और मन", "व्यक्ति और समाज"– इन द्वैतों के संतुलन से सतत विकास (Sustainable Development) की अवधारणा जन्म लेती है। यह दृष्टि आधुनिक नवाचारों को मानव–केंद्रित और प्रकृति–अनुकूल बनाती है।

इसके अतिरिक्त, ध्यान और योग जैसी पद्धतियाँ एकाग्रता, सृजनशीलता और समस्या– समाधान क्षमता को बढ़ाती हैं जो किसी भी वैज्ञानिक या नवप्रवर्तक के लिए अनिवार्य गुण हैं। आज न्यूरोसाइंस और मनोविज्ञान भी इन विधाओं की उपयोगिता को स्वीकार कर रहा है। इस प्रकार, सनातन दर्शन वैज्ञानिक सोच का विरोधी नहीं, बल्कि उसका प्रेरणास्रोत है। जब प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान से जोड़ा जाता है, तब एक ऐसी नवप्रवर्तक चेतना का निर्माण होता है जो न केवल तकनीकी प्रगति करे, बल्कि मानवता और प्रकृति के हित में भी कार्य करे।

8. वैज्ञानिक जिज्ञासा में बौद्धिक, संवेदनशीलता एवं आध्यात्मिक क्षमता

वैज्ञानिक जिज्ञासा केवल तथ्यों की खोज तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह मानव चेतना की एक समग्र प्रक्रिया है, जिसमें बौद्धिक क्षमता, संवेदनशीलता और आध्यात्मिक दृष्टिकृतीनों का संतुलित योगदान होता है। यही समन्वय विज्ञान को यांत्रिकता से ऊपर उठाकर मानव–कल्याण की दिशा में अग्रसर करता है। बौद्धिक क्षमता वैज्ञानिक जिज्ञासा की आधारशिला है। तर्क, विश्लेषण, प्रयोग और प्रमाण के माध्यम से प्रश्नों का समाधान करना इसी क्षमता का कार्य है। वैज्ञानिक "क्यों" और "कैसे" पूछता है, परिकल्पना बनाता है और उसे परीक्षण की कसौटी पर परखता है। यह प्रक्रिया ज्ञान को सुव्यवस्थित और विश्वसनीय बनाती है।

संवेदनशीलता वैज्ञानिक सोच को मानवीय आयाम प्रदान करती है। प्रकृति, समाज और जीवन के प्रति संवेदनशील वैज्ञानिक ही पर्यावरण, स्वास्थ्य और सामाजिक समस्याओं के समाधान खोजता है। संवेदनशीलता के बिना विज्ञान केवल शक्ति का साधन बन सकता है, जबकि इसके साथ वह सेवा और कल्याण का माध्यम बनता है। आध्यात्मिक क्षमता वैज्ञानिक जिज्ञासा को गहराई और उद्देश्य देती है। यह क्षमता अहंकार से ऊपर उठकर सत्य की खोज, आत्मदृअनुशासन और व्यापक दृष्टि का विकास करती है। स्नातन परंपरा में ध्यान, आत्मचिंतन और विवेक को ज्ञानदृसाधना का अनिवार्य अंग माना गया है, जो वैज्ञानिक को धैर्य, एकाग्रता और नैतिक दिशा प्रदान करता है।

जब बौद्धिक तीक्ष्णता, संवेदनशील हृदय और आध्यात्मिक चेतना एक साथ कार्य करते हैं, तब वैज्ञानिक जिज्ञासा समग्र, सृजनात्मक और लोकहितकारी बनती है। यही त्रिवेणी विज्ञान को केवल खोज का माध्यम नहीं, बल्कि मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली शक्ति बनाती है।

9. वैज्ञानिक गवेषणा में चुनौतियों का आंकलन एवं समाधान

वैज्ञानिक गवेषणा ज्ञान–विस्तार और नवप्रवर्तन का मूल आधार है, परंतु इसकी यात्रा अनेक बौद्धिक, तकनीकी, नैतिक और सामाजिक चुनौतियों से होकर गुजरती है। इन चुनौतियों का यथार्थ आकलन तथा उपयुक्त समाधान ही गवेषणा को प्रभावी, विश्वसनीय और लोकहितकारी बनाता है।

प्रमुख चुनौतियाँ

1. समस्या की स्पष्ट परिभाषा का अभाव – अस्पष्ट शोध प्रश्न गवेषणा की दिशा को भटका देता है।
2. संसाधनों की कमी – वित्त, उपकरण, समय और कुशल मानव संसाधन का अभाव।
3. डेटा की गुणवत्ता और विश्वसनीयता – अपूर्ण, पक्षपाती या त्रुटिपूर्ण डेटा।
4. तकनीकी एवं विधिक जटिलताएँ – उन्नत तकनीकों का अभाव या नियामक बाधाएँ।
5. असफलता और अनिश्चितता – अपेक्षित परिणाम न मिलना, प्रयोगों की पुनरावृत्ति।
6. नैतिक दुविधाएँ – मानव, पशु और पर्यावरण से जुड़े नैतिक प्रश्न।
7. अंतरविषयी समन्वय की कमी – विभिन्न विषयों के बीच संवाद का अभाव।

आंकलन की प्रक्रिया

* समस्या, उद्देश्य और परिकल्पना का स्पष्ट निर्धारण।
* जोखिम विश्लेषण (त्पेा ेमेउमदज) और व्यवहार्यता अध्ययन।
* उपलब्ध संसाधनों और समयसीमा का यथार्थ मूल्यांकन।
* नैतिक और सामाजिक प्रभावों का पूर्वानुमान।

समाधान के प्रभावी उपाय

1. स्पष्ट शोध–डिजाइन – सुव्यवस्थित पद्धति, चरणबद्ध योजना और माइलस्टोन।
2. क्षमता निर्माण – प्रशिक्षण, कौशल–विकास और अंतरविषयी सहयोग।
3. तकनीकी नवाचार – स्वदेशी समाधान, ओपन–सोर्स टूल्स और साझा प्रयोगशालाएँ।
4. डेटा–संस्कृति का सुदृढ़ीकरण – मानकीकरण, सत्यापन और पारदर्शिता।
5. असफलता से सीख – नकारात्मक परिणामों का दस्तावेजीकरण और पुनरावलोकन।
6. नैतिक ढाँचा – नैतिक समितियाँ, दिशानिर्देश और उत्तरदायित्व।
7. समाज–संवाद – शोध निष्कर्षों का सरल संप्रेषण और जन–भागीदारी।

10. सतत् विकास के अवसर, चुनौतियाँ एवं नवप्रर्वतन

कृषि हमारे देश की मुख्य रीढ़ है, जो 60 प्रतिशत से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। भारत में कृषि की प्रकृति अत्यंत विविध है, जिसमें सिंचित कृषि, वर्षा–निर्भर कृषि तथा जनजातीय कृषि प्रणालियाँ शामिल हैं। कृषि के विकास के लिए देश में राज्य एवं केंद्रीय विश्वविद्यालयों, विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान के साथ–साथ अनेक राज्य कृषि एवं उच्च शिक्षा विश्वविद्यालयों जैसी सशक्त संस्थागत व्यवस्थाएँ उपलब्ध हैं। इसके बावजूद कृषि क्षेत्र अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, जिनमें जलवायु परिवर्तन, कम एवं अनियमित वर्षा प्रमुख हैं। भूमि, जल और मृदा अपरदन जैसे प्राकृतिक संसाधनों तथा जैव संसाधनों के क्षरण के कारण कृषि की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। पहले से ही सीमित संसाधनों का अत्यधिक दोहन स्थिति को और गंभीर बना रहा है, जिसका सीधा प्रभाव गरीबी सूचकों पर पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप खाद्य सुरक्षा की समस्या, ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन तथा आजीविका संकट जैसी गंभीर सामाजिक–आर्थिक चुनौतियाँ उत्पन्न हो रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारों की अत्यंत आवश्यकता है।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के मुख्य क्षेत्र

* जैव–ऊर्जा – स्वच्छ एवं हरित प्रौद्योगिकियाँ
* सौर ऊर्जा – 'वन सनदृवन वर्ल्डदृवन ग्रिड', ऊर्जा–संरक्षण प्रौद्योगिकियाँ
* स्वास्थ्य – 2030 तक सबके लिए स्वास्थ्य, 'वन हेल्थ' पहल
* सतत पर्यावरण – संरक्षण संबंधी प्रौद्योगिकियाँ
* जैव–विविधता – प्राकृतिक एवं जैव–संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग
* डिजिटलीकरण – दक्षता वृद्धि, इंटरनेट/इंट्रानेट प्रौद्योगिकी
* कृषि – प्रिसिजन एग्रीकल्चर, ड्रोन/रोबोटिक्स एवं GIS तथा RS प्रौद्योगिकी का उपयोग
* कृषि–प्रसंस्करण – फसल कटाई से पहले एवं बाद प्रौद्योगिकी एवं मशीनीकरण

11. प्रतिमानकों के बदलाव से नवाचारों को प्रोत्साहन

नवाचार ज्ञान के ऐसे रूपांतरण, संयोजन या संश्लेषण को कहा जाता है जो मौलिक होने के साथ–साथ मूल्यवान नए उत्पादों, प्रक्रियाओं या सेवाओं के विकास से जुड़ा होता है। सामान्यतः नवाचार को किसी नई वस्तु या विधि के सफल परिचय के रूप में समझा जाता है, जिसमें केवल विचार उत्पन्न करना ही नहीं, बल्कि समाधान तैयार करना, उनका परीक्षण करना तथा सीखने और अनुकूलन पर निरंतर ध्यान देना भी शामिल होता है। जब तक किसी विचार को व्यवहार में लागू नहीं किया जाता और वह वास्तव में प्रभावी रूप से कार्य नहीं करता, तब तक उसे नवाचार नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार नवाचार वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से उद्यमी अवसरों को व्यावहारिक और बाजार योग्य विचारों में परिवर्तित करते हैं।

अनुसंधान एवं विकास नवाचारों के लिए उत्कृष्टता केंद्रों (COEs) की स्थापना प्रस्तावित संरचना के अंतर्गत कृषि–खाद्य–पोषण एवं स्वास्थ्य में नैनो–बायो–इन्फॉर्मेशन प्रौद्योगिकी केंद्र, जलवायु सहनशीलता एवं आपदा प्रबंधन केंद्र, कृषि सूचना विज्ञान एवं ई–सुशासन केंद्र तथा कृषि व्यवसाय प्रबंधन एवं डिजिटल मार्केटिंग केंद्र की स्थापना की परिकल्पना की गई है। इसके साथ–साथ इंडस्ट्री 4.0 प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयोग केंद्र, जियोमैटिक्स विकास एवं अनुप्रयोग केंद्र, जैव–ऊर्जा एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकी केंद्र तथा कृषि–प्रसंस्करण एवं न्यूट्रिआयुर नवाचार केंद्र भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रिसिजन फार्मिंग एवं

कृषि–इंजीनियरिंग केंद्र तथा जैविक एवं एकीकृत खेती केंद्र के माध्यम से आधुनिक, टिकाऊ एवं तकनीक–आधारित कृषि विकास को सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखा गया है।

अनुसंधान संस्थानों में नए प्रोत्साहन (नई पहल) की आवश्यकता

* व्यवसाय मॉडल के विकास हेतु बहु–संस्थागत और अंतः विषयक अनुसंधान।
* संस्थानों के बीच नेटवर्किंगः आवश्यकता और उद्देश्य आधारित कार्यक्रम एवं परियोजनाएँ।
* नवाचारों का निष्कर्षणः सभी हितधारकों में नवाचार की भावना विकसित करना (मार्केटिंग नवाचार, कृषि प्रसार प्रणाली 4.0, जीनो मिक्स–सहायित प्रजनन 2.0 जैसी कृषि प्रौद्योगिकियों का समन्वय, इत्यादि)।
* उद्यम विकासरू अत्याधुनिक अवसंरचना और आधुनिक उपकरणों से युक्त नवाचार एवं इनक्यूबेशन केंद्रों की स्थापना, ताकि प्रौद्योगिकियों का सत्यापन और विकास हो सके।
* औद्योगिक पार्कों/क्लस्टरों में प्रौद्योगिकियों/प्रक्रियाओं एवं उत्पादों का वाणिज्यीकरण, जिससे ग्रामीण प्रसंस्करण उद्यम स्थापित किए जा सकें।
* स्मार्ट डिजिटाइज्ड कृषि प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म– डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और स्टार्ट–अप इंडिया के माध्यम से कृषि क्षेत्र में रूपांतरणात्मक सुधार।

विकास को रूपांतरित करने हेतु नवाचार को प्रोत्साहित करना

* कृषि, बागवानी, पुष्पकला और वानिकी के लिए मूल्यवान बीजध्रोपण सामग्री के विकास हेतु अत्याधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों के माध्यम से जैव–संसाधनों का उपयोग कर नवाचार को बढ़ावा देना।
* कृषि–खाद्य–पोषण क्षेत्रों में उद्यम विकास हेतु व्यावहारिक एवं आकर्षक अवसरों का सृजन करना।
* स्थानीय पारंपरिक ज्ञान को न्यूट्री–जीनोमिक्स, फार्माको–जीनोमिक्स, योग–जीनोमिक्स और आयुर–जीनोमिक्स के माध्यम से वैज्ञानिक आधारों में परिवर्तित करते हुए अगली पीढ़ी के डिजाइनर खाद्य पदार्थों, हर्बल औषधियों और दवाओं का विकास करना।
* स्मार्ट इनपुट प्रबंधन एवं प्रिसिजन फार्मिंग प्रणाली का विकास, ताकि इनका उत्पादक उपयोग और जैविक खेती को बढ़ावा मिले।
* मूल्य संवर्धित एवं विविधीकृत उत्पादों के उत्पादन से लेकर विपणन तक (फार्म से फोर्क तक) एकीकृत दृष्टिकोण विकसित करना।

12. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और नवाचार के मुख्य क्षेत्र

पौधों का जैव–अन्वेषण (बायोप्रॉस्पेक्टिंग)

बायोप्रॉस्पेक्टिंग, जिसे जैव–विविधता अन्वेषण भी कहा जाता है, का अर्थ जैव–विविधता तथा पारंपरिक या स्थानीय ज्ञान का अन्वेषण, निष्कर्षण और परीक्षण करना है, ताकि वाणिज्यिक दृष्टि से मूल्यवान आनुवंशिक एवं जैव–रासायनिक संसाधनों की पहचान की जा सके। सरल शब्दों में, इसका आशय जीवित प्राणियों और पौधों का वैज्ञानिक अध्ययन करना है, जिससे यह समझा जा सके कि वे मानव जीवन के लिए किस प्रकार व्यावसायिक रूप से उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

जैव संपदा का कृषि में उपयोग

भारत विश्व की लगभग 16% जनसंख्या का वहन करता है, जबकि उसके पास विश्व के कुल भूमि क्षेत्र का केवल लगभग 2.4: भाग है। COVID–19 लॉकडाउन संकट ने भारत को अवसर और चुनौतियाँ दोनों प्रदान कीं। इसने भारत को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर दियाकृन केवल उत्पादन बढ़ाने में, बल्कि 80 करोड़ से अधिक जनसंख्या को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भरता, पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की। कोरोना महामारी के दौरान भारतीय मूल की हर्बल दवाओं की वैश्विक स्तर पर मांग में वृद्धि हुई है, और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा अन्य रोगों के उपचार हेतु नुट्री–आयुर उत्पादों की भी अत्यधिक मांग देखी गई है।

पादप जैव–संसाधन उपयोगरू कुछ त्वरित आवश्यक कदम

भारत जैव–विविधता से समृद्ध है, परंतु यह तेजी से क्षीण हो रही है। यहाँ 17,500 पादप प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

* उचित सूचीकरण के माध्यम से संरक्षण और सतत उपयोग।
* रिमोट सेंसिंग और भू–स्थानिक सूचना प्रणाली (GIS) का उपयोग कर सर्वेक्षण और निगरानी।
* डीएनए प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न विधियों से विशेषता निर्धारण (कैरेक्टराइजेशन)।
* आधुनिक जैव–प्रौद्योगिकी और विश्लेषणात्मक साधनों के माध्यम से जैव–अन्वेषण (बायोप्रॉस्पेक्टिंग)।

पौधों का जैव–अन्वेषण (बायोप्रॉस्पेक्टिंग)

* बायोप्रॉस्पेक्टिंग या जैव–विविधता अन्वेषण का अर्थ है– जैव–विविधता तथा पारंपरिक–स्थानीय ज्ञान का अन्वेषण, निष्कर्षण और परीक्षण, ताकि वाणिज्यिक दृष्टि से मूल्यवान आनुवंशिक और जैव–रासायनिक संसाधनों की पहचान की जा सके।

* सरल शब्दों में, इसका अर्थ है– जीवित प्राणियों/पौधों का अध्ययन करना ताकि यह जाना जा सके कि वे मनुष्यों के लिए व्यावसायिक रूप से कैसे उपयोगी हो सकते हैं।

जैव–अन्वेषण के रणनीतिक क्षेत्र

प्राथमिक कृषि पर निर्भर रहने के बजाय द्वितीयक और तृतीयक कृषि को बढ़ावा देना।

* फाइटो–फार्मास्यूटिकल्स – पौधों से प्राप्त दवाएँ, जिनमें रोगों के उपचार हेतु पृथक किए गए शुद्ध सक्रिय यौगिक होते हैं।
* औषधीय वनस्पतियाँ / वनस्पति निष्कर्ष / हर्बल या आहार अनुपूरक – संपूर्ण पौधा या पौधों के किसी भाग से प्राप्त निष्कर्ष (पूर्ण अथवा मानकीकृत), जिन्हें किसी विशिष्ट 'मार्केट कंपाउंड' के अनुसार मानकीकृत किया गया हो, जो शरीर की संरचना और उसके कार्यों को प्रभावित कर स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायक होते हैं।
* न्यूट्रास्यूटिकल्स – ऐसे खाद्य पदार्थ जिनमें प्राकृतिक (वनस्पति) स्रोतों से प्राप्त अनुपूरक शामिल होते हैं और जो विशिष्ट स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं, जिनमें रोगों की रोकथाम और उपचार भी शामिल है।
* कॉस्मास्यूटिकल्स – ऐसे सौंदर्य प्रसाधन जिनमें जैविक रूप से सक्रिय घटक (वनस्पति मूल के) होते हैं, जो उपयोगकर्ता पर प्रभाव डालते हैं।

14. भोजन ही औषधि

पोषक तत्व–जीन अंतःक्रियाएँ स्वास्थ्य बनाए रखने और रोगों को रोकने या विलंबित करने के लिए उत्तरदायी होती हैं। किसी विशेष जीनोटाइप के लिए असंतुलित आहार मोटापा, मधुमेह, हृदय संबंधी रोगों जैस दीर्घकालिक रोगों का कारण बन सकता है और आयु–संबंधित अनेक रोगों की गंभीरता बढ़ाने या उन्हें जल्दी उत्पन्न करने में योगदान दे सकता है।

* हिप्पोक्रेटिस (460–377 ईसा पूर्व), जो आधुनिक और पश्चिमी चिकित्सा के जनक माने जाते हैं, ने भोजन के उपचारात्मक प्रभावों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कृ 'भोजन ही तुम्हारी औषधि हो और औषधि ही तुम्हारा भोजन।
* यह कथन स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त खाद्य पदार्थों और उनके चिकित्सीय लाभों के बीच संबंध को दर्शाने हेतु दिया गया था। जबकि इस कथन को हमारे गीता ग्रन्थ में ही लिखा गया था "जैसा खाओगे अन्न, वैसा बनेगा मन"

श्रीअन्न प्रसंस्करण केंद्र की स्थापना

अद्भुत अनाज– अपनी न्यूट्रास्यूटिकल विशेषताओं के माध्यम से स्वास्थ्य को पुनर्जीवित करने और रोगों व व्याधियों को दूर करने के लिए वंचित क्षेत्रों के सामाजिक–आर्थिक विकास हेतु श्रीअन्न प्रसंस्करण केंद्रों की स्थापना जरूरी है।

क्रियात्मक खाद्य पदार्थों और न्यूट्रास्यूटिकल्स के उत्पादन हेतु कृषि–प्रसंस्करण

* बारहनाजा' का उपयोगकृ विभिन्न रोगों में सहायक आहार प्रदान करने हेतु डिजाइनर खाद्य पदार्थों के विकास में।
* भिन्न–भिन्न अनाजों के पूरक एवं अनुपूरक संयोजन का दृष्टिकोण– स्वास्थ्य–विशिष्ट खाद्य पदार्थों के डिजाइन हेतु।
* जीनोमिक्स, नैनो–बायो–इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और कृषि–प्रसंस्करण के अनुप्रयोगों के माध्यम से मूल्य संवर्धन।

क्रियात्मक खाद्य पदार्थ

कई खाद्य पदार्थ क्रियात्मक खाद्य पदार्थ माने जाते हैं, जैसे–

* काली और हरी चाय में उपस्थित कैटेचिन कैंसर के जोखिम को कम करता है।
* ब्रोकोली में पाया जाने वाला सल्फोराफेन कैंसर के जोखिम को कम करता है।
* मछली या अलसी में उपस्थित ओमेगा–3 फैटी एसिड हृदय रोग के जोखिम को कम करते हैं और जोड़ों को लाभ पहुंचाता हैं।
* फल और सब्जियाँ अनेक प्रकार के फाइटो–केमिकल्स से भरपूर होती हैं, जो कैंसर और हृदय रोग के जोखिम को घटाते हैं।

निष्कर्ष

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि नवप्रवर्तन और आविष्कार शीलता का वास्तविक आधार ज्ञान, विज्ञान और प्रज्ञान का समन्वित संतुलन है। केवल सूचना या तकनीकी प्रगति ही पर्याप्त नहीं है, जब तक उसमें विवेक, नैतिकता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का समावेश न हो। भारतीय सनातन दर्शन ने सदैव जिज्ञासा, तर्क, अनुभव और आत्मबोध को महत्व देते हुए मानवता की सेवा को सर्वोच्च लक्ष्य माना है। यही दृष्टिकोण वैज्ञानिक सोच को मानवीय मूल्यों से जोड़ता है और नवाचार को समाजोपयोगी बनाता है।

आज के वैश्विक परिदृश्य में, जब विश्व जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य संकट, ऊर्जा आवश्यकताओं और जैव–विविधता के क्षरण जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को केवल विकास का साधन नहीं, बल्कि सतत् और समावेशी प्रगति का माध्यम बनाना आवश्यक है। कृषि, जैव–संसाधन, न्यूट्रास्यूटिकल्स, डिजिटलीकरण, स्वच्छ ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में समन्वित अनुसंधान एवं नवाचार राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि जब बौद्धिक क्षमता, भावनात्मक संवेदनशीलता और आध्यात्मिक चेतना एक साथ कार्य करती हैं, तब नवप्रवर्तन केवल आर्थिक उन्नति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि मानव कल्याण, सामाजिक समरसता और वैश्विक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरित वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक प्रौद्योगिकी का समन्वय ही आत्मनिर्भर, समृद्ध और नैतिक रूप से सुदृढ़ भारत के निर्माण की आधारशिला बन सकता है।

****

ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव
shrivastava.brijendra@gmail.com
आजीवन सदस्य, ग्वालियर ऐकेडेमी ऑफ मैथमेटिकल
साइन्सेज भोपाल एवं पूर्व अतिथि प्राध्यापक
ज्योतिर्विज्ञान अध्ययनशाला जी.वि.वि. ग्वालियर
मोबाइल 94253 60243

लेखक परिचय

लेखक साहित्य, संस्कृति व कला, विज्ञान और धर्म, अध्यात्म व दर्शन, ज्योतिष और वास्तु, वैदिक विद्या एवं ब्रह्मांड विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों पर 50 से अधिक वर्षों से निरंतर लेखन। 70 से अधिक शोध पत्र, विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं वैज्ञानिक संस्थानों के मंच से प्रस्तुत। दो कथक नृत्य–नाटक दिल्ली कथक केन्द्र के कलागुरुओं के निर्देशन में मंचित। पुस्तक ज्योतिर्विज्ञान में नये विचार और अनुप्रयोग "Astro Science:Innovations and Applications" भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के CIIL मैसूर से नेट पर डिजिटलीकृत रूप में प्रकाशित पूर्व अतिथि प्राध्यापक ,जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर Life member: Gwalior Academy of Mathematical Sciences (GAMS) Bhopal.

सारांश

मकर संक्रान्ति अर्थात सूर्य का मकर राशि पर प्रवेश का दिन एकमात्र ऐसा सामाजिक पर्व है जो सारे देश में एक साथ किसी न किसी नाम से मनाया जाता है। मकर संक्रांति इस प्रकार हमारी धार्मिक व सांस्कृतिक एकता का प्रतीक अ उर मजबूत आधार है।

उत्तरायण शब्द में अयन शब्द का अर्थ है चलना। सूर्य के उत्तरायण होने का अर्थ है सूर्य का उत्तर दिशा मार्ग पर चलना आरम्भ करना। यों तो यह एक खगोलीय वार्षिक घटना है पर सूर्य को आत्मा से और सूर्य के नीचे दक्षिण से ऊपर उत्तर की ओर भ्रमण आरम्भ करने की घटना को अर्थात उत्तरायण को, वैदिक संस्कृति में आत्मा की सद्गति, उर्ध्व आरोहण से या मोक्ष से जोड़ने के कारण उत्तरायण का भारतीय सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक चेतना पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

गीता में उत्तरायण और दक्षिणायन

शुक्लपक्ष और उत्तरायण मार्ग से प्रयाण करने वाले कामना रहित योगीजन ब्रह्म को प्राप्त होते हैं। जबकि कृष्ण पक्ष और दक्षिणायन मार्ग से प्रयाण करने वाले कामना सहित कर्म करने वाले योगी अपने शुभ कर्म फलभोग कर वापस जन्म लेते हैं। भारतीय पञ्चाङ्ग अपनी वर्ष गणना में नक्षत्र आधारित वर्ष मान लेते आ रहे हैं जो वास्तविक ऋतुनिष्ठ वर्ष मान से 20 मिनट बड़ा है। आप देखिए कि 20 मिनट की यह अशुद्धि 3 वर्ष में 60 मिनिट की अर्थात एक घण्टे की हो जाती हैं और यही अशुद्धि इसी दर से 72 वर्ष में 1 दिन की हो जाती है। डेढ़ हजार वर्ष में यही अशुद्धि 24 दिन की हो गई है। इसलिए मकर संक्रांति भी जो लगभग 200 सी ई में 21 दिसम्बर के उत्तरायण के साथ होती थी 14 जनवरी को होती है। संक्रांति ही क्यों सभी त्योहार ऋतु से पहले व ऋतु बाद में आती जा रही हैं जिनका अन्तर अभी 24 दिन होने अधिक नहीं दिखता है। मधु मास में श्री राम जन्म और वर्षा ऋतु में श्री कृष्ण जन्म उत्सव सभी में ऋतु के बदलाव का असर दिखेगा। कृषि कार्य में बोनी इत्यादि का भी वर्षा से सम्बन्ध बदलते जाने से असमंजस बढ़ेगा।

1. उत्तरायण मकर संक्रांति और लोक मान्यता

हमारे देश में मकर संक्रान्ति अर्थात सूर्य का मकर राशि पर प्रवेश का दिन एकमात्र ऐसा सामाजिक पर्व है जो सारे देश में एक साथ किसी न किसी नाम से मनाया जाता है। मकर संक्रांति इस प्रकार हमारी धार्मिक व सांस्कृतिक एकता का प्रतीक मात्र नहीं बल्कि मजबूत आधार ही है।

उत्तरायण शब्द में अयन शब्द का अर्थ है चलना। सूर्य के उत्तरायण होने का अर्थ है सूर्य का उत्तर दिशा मार्ग पर चलना आरम्भ करना। यों तो यह एक खगोलीय वार्षिक घटना है पर सूर्य को आत्मा से और सूर्य के नीचे दक्षिण से ऊपर उत्तर की ओर भ्रमण आरम्भ करने की घटना को अर्थात उत्तरायण को, वैदिक संस्कृति में आत्मा की सद्गति, उर्ध्व आरोहण से या मोक्ष से जोड़ने के कारण उत्तरायण का भारतीय सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक चेतना पर गहरा प्रभाव पड़ा है। महाभारत प्रसंग है कि भीष्म पितामह ने शर शैया पर लेटे होने पर भी सूर्य के उत्तरायण होने पर ही शरीर त्याग किया था।

2. गीता में उत्तरायण और दक्षिणायन

गीता में कृष्ण ने सृष्टि और प्रलय चक्र की अवधि बताने के बाद कहा कि अब वह काल के उन दो भागों को कहेंगे। 'षण्मासा उत्तरायणम् षण्मासा दक्षिणायनमं।

शुक्लपक्ष और उत्तरायण मार्ग से प्रयाण करने वाले कामना रहित योगीजन ब्रह्म को प्राप्त होते हैं। जबकि कृष्ण पक्ष और दक्षिणायन मार्ग से प्रयाण करने वाले कामना सहित कर्म करने वाले योगी अपने शुभ कर्म फलभोग कर वापस जन्म लेते हैं, जगत में ये दो प्रकार के मार्ग सनातन माने गए हैं। (गीता अध्याय 8 श्लोक 24 और 25)

3. उपनिषदों में उत्तरायण : प्रश्न उपनिषद् एवं छान्दोग्य उपनिषद्

प्रश्न उपनिषद् : बारह मासों के संवत्सर के दो अयन हैं : दक्षिण और उत्तर जो मनुष्य सांसारिक सुख प्राप्ति के लिए इष्ट कर्म करते हैं और जो पुण्य अर्जन की दृष्टि से लोक उपकारी पूर्त कर्म करते हैं, ऐसे दोनों प्रकार के कर्म करने वाले दक्षिण मार्ग को प्राप्त होते हैं उन्हें चन्द्र लोक मिलता है और उनको फिर जन्म लेना पड़ता है उनका मार्ग पितृयान कहा गया है, परन्तु जो मनुष्य तपस्या श्रद्धा सहित आत्म विद्या से, आत्मानम अन्विष्य, अर्थात परमात्मा की खोज करके जीवन व्यतीत करते हैं, वे उत्तर मार्ग से जाकर सूर्य लोक को प्राप्त होते हैं जो अमृतमय परमगति है। (प्रश्न उपनिषद प्रश्न 1–श्लोक 9 और 10)।

गीता और प्रश्न उपनिषद से यह स्पष्ट है कि परोपकार करके पुण्य कमाने की इच्छा से किए गए कार्य स्वर्ग सुख या अगले जन्म में भोग ऐश्वर्य तो दे सकते हैं पर इन कार्यों से भी आत्मा को घूम्र मार्ग या पितृयान या दक्षिणायन मार्ग ही मिलता है जो 'पुनरपि जन्मम् पुनरपि मरणं' का, आवागमन का मार्ग है फिर चाहे वह भक्त हो अथवा योगी हो या ज्ञानी हो । तात्पर्य यह कि एकमात्र ब्रह्मनिष्ठा एवं सभी प्रकार के कर्मफलों का त्याग ही उत्तरायन मार्ग का, मुक्ति मार्ग का द्योतक है।

छान्दोग्य उपनिषद : अब इस उत्तरायन मार्ग की अन्य व्याख्या पर आते हैं जो छान्दोग्य उपनिषद में है –

हे श्वेतकेतु! क्या तू देवयान और पितृयान के मार्गों की भिन्नता को जानता है? प्रश्नकर्ता हैं पांचाल देश की क्षत्रिय सभा में बैठे राजा प्रवाहण जैबलि। श्वेतकेतु ने कहा, भगवन! मैं नहीं जानता। तब श्वेतकेतु ने अपने पिता आरुणि गौतम से जाकर पूँछा और फिर दोनों ही राजा के पास आए। गौतम ने राजा से वह विद्या मांगी। राजा ने कहा कि हे गौतम! यह विद्या पूर्वकाल में तुम से पहले बकिसी ब्राह्मण को नहीं प्राप्त होती थी क्षत्रियों का ही इस पर अधिकार था। यह कहकर राजा प्रवाहण जैवलि ने ऋषि गौतम को पंच अग्नि विद्या बताई (छान्दोग्य उपनिषद प्रपाठक 5, खण्ड 3 से 8)।

फिर राजा ने कहा कि यह विधाता का पाँच प्रकार का यज्ञ है, वे जो इसे जानते हैं और श्रद्धा और तप से युक्त हैं वे जिस मार्ग से जाते हैं वह देवयानमार्ग है और जो सकाम कर्म करते हैं वे पितृलोक मार्ग को जाते हैं और पुनरागमन चक्र पड़े रहते हैं। (छान्दोग्य उपनिषद प्रपाठक 5 खण्ड 3 से 8)

4. उत्तरायण और मकर संक्रांति कब एक साथ होते थे और कब से इनमें अंतर आना आरम्भ हुआ?

वर्षमान दो तरह के हैं **1. ऋतुनिष्ठ वर्ष मान :** ठीक वैसी ही ऋतु आने में जितना समय लगता है इसे ऋतु निष्ठ वर्ष कहते हैं, इसकी अवधि 365 दिन 5 घंटे 9 मिनिट और 10 सेकेंड है (365.24129 दिन) है। **2. नाक्षत्र वर्षमान :** सूर्य के एक नक्षत्र से भ्रमण कर दुबारा उसी नक्षत्र पर आने में जितना समय लगता है उसे नाक्षत्र वर्ष कहते हैं, इसकी अवधि 365 दिन 6 घंटे 9 मिनिट 10 सेकेंड (365.25636 दिन) है। इस प्रकार दोनों में अंतर 20 मिनिट 24.5 सेकेंड का अन्तर है। नक्षत्र आधारित वर्ष 20 मिनिट बड़ा है ऋतुनिष्ट वर्ष से। यह अंतर देखें में अत्यन्त छोटा लगता है पर इसका संचित असर बहुत व्यापक है। एक समय था, लगभग दूसरी से चौथी कामन इरा के लगभग जब ऋतुनिष्ठ वर्ष और नक्षत्र आधारित वर्ष दोनों एक आरम्भ साथ होते थे। तब उत्तरायण भी मकर रेखा की पृष्ठभूमि में स्थित मकर राशि पर सूर्य के संचार आरंभ होने के साथ ही होता था। भारतीय पञ्चाङ्ग अपनी वर्ष गणना में नक्षत्र आधारित वर्ष मान लेते आ रहे हैं। आरम्भ में 20 मिनट की यह अशुद्धि ध्यान में नहीं आई। आप देखिए कि 20 मिनट की यह अशुद्धि 3 वर्ष में 60 मिनिट की अर्थात एक घण्टे की हो जाती है और यही अशुद्धि इसी दर से 72 वर्ष में 1 दिन की हो जाती है। इसका असर यह हुआ कि कुछ वर्षों बाद ही ऋतुनिष्ठ वर्ष एक दिन पहले आने लगा और उत्तरायण सूर्य भी – नक्षत्र आधारित उत्तरायण से एक दिन पहले होने लगा परंतु नक्षत्र आधारित गणना को ही प्रधानता देने से इस तथ्य की उपेक्षा की गई।

पञ्चाङ्ग गणना के सिद्धांतगणित काल में लगभग दूसरी सदी में पञ्चाङ्ग कर्ताओं ने उत्तर–अयनबिन्दु के साथ–साथ वसन्त संपात को आधार मान कर वर्षमान की गणना को प्राथमिकता देना जिस समय आरम्भ किया, वसन्त सम्पात बिन्दु उस समय मेष के अश्वनी नक्षत्र पर था। यहाँ दो बातें ध्यान देने की हैं एक –वसंत सम्पात, दक्षिणायन, शरत सम्पात और उत्तरायण ये चारों सूर्य के भ्रमण मार्ग अर्थात क्रांतिवृत्त ecliptic पर परस्पर 90 –90 अंश की दूरी पर हैं तथा दूसरी बात – वर्ष गणना किसी भी बिन्दु से करें ये चारों 50 सेकेंड आफ आर्क प्रति वर्ष की दर से पृथ्वी की तीसरी गति के कारण पीछे खिसकते रहते हैं,इनका यह चक्र लगभग पौने छब्बीस हजार वर्ष में पूरा होता है।

लगभग 250–300 ईस्वी में जब ग्रीक राशियाँ चलन में आना शुरू हो रही थीं तब उत्तरायणपर्व को मकर राशि में स्थित नक्षत्र उत्तराषाढ़ पर देखने के साथ साथ मकर–आरम्भ से देखने का चलन भी हो रहा था। उस समय उत्तरायण बिन्दु मकर राशि के–आरम्भ के बिन्दु पर था और इस बिन्दु से 90 अंश पर स्थित वसन्त संपात बिन्दु, मेष आरम्भ बिन्दु पर था।

कालांतर में पृथ्वी की ऊपर कथित तीसरी गति अयन–पात चलन के कारण वसन्त संपात बिन्दु अपने मेष के आरम्भ के अंश से पीछे, वृत्त लगभग 50 सेकेंड आफ आर्क प्रति वर्ष पीछे खिसकने लगा था और उत्तरायण बिन्दु भी तदनुसार मकर राशि के उत्तराषाढ़ नक्षत्र में पीछे खिसकने लगा था इसका संज्ञान छठी सदी में वराहमिहिर ने अपनी पुस्तक बृहत संहिता के आदित्य–चार–अध्याय में लिया है। उन्होंने अपने पूर्व वर्ती गर्ग ऋषि आदि के उद्धरण देकर लिखा है कि अब सूर्य स्थिर नक्षत्र गणना के अनुसार उत्तरायण के समय मकर पर नहीं जा रहा है, उत्तरायण पहले ही हो रहा है। उन्होंने इसे भय कारक माना।

वस्तुतः जैसा कि पूर्व में कहा गया है कि ऋतु सूचक वसन्त सम्पात बिन्दु सहित शरत सम्पात और उत्तरायण एवं दक्षिणायन बिन्दु –ये चारों पृथ्वी की तीसरी गति के कारण स्थिर नक्षत्र की पृष्ठभूमि में विपरीत दिशा को भ्रमण करते हैं, इसे अयन चलन या अंग्रेजी में Precision of Equinoxes कहते हैं, अयन चलन की यह गति वृत्त के 50 सेकेंड प्रतिवर्ष होती है पर खगोल गणितज्ञों ने पृथ्वी की इस तीसरी गति 'अयनचलन' को अमान्य करते हुए वर्ष के कालमान का आधार मेष राशि के आरम्भ स्थित में अश्वनी नक्षत्र से अश्वनी पर पुनः सूर्य आगमन की वार्षिक अवधि को मानक मान कर स्थिर अश्वनी नक्षत्र पर 'कीलित' कर दिया। यहाँ एक गलती हुई। निर्धारित अश्वनी के स्थिर मेषारम्भ से पुनः उसी अश्वनी बिन्दु पर आने की अवधि को वर्ष की अवधि मानने से गणना के लिए 50 सेकेंड आफ आर्क अतिरिक्त लेने पड़ रहे थे जिसमें 20 मिनिट ज्यादा लग रहे थे। इस अतिरिक्त

समय को अयन चलन का अन्तर नहीं मानते हुए इसी 20 मिनट की बढ़ी हुई अवधि को जोड़ कर ही वर्षमान मान लिया गया। (देखें कि ऋतुनिष्ठ वर्षमान 365 दिन 5 घंटे 48 मिनिट 45.2 सेकेंड है जबकि नक्षत्र आधारित भारतीय पञ्चाङ्ग का वर्षमान 365 दिन 6 घंटे 9 मिनिट, 9.8 सेकेंड है जो वास्तव में 20 मिनिट बड़ा है) यह अशुद्धि सुरसा के मुख की तरह बढ़ते बढ़ते कितनी हुई और इसका क्या दुष्प्रभाव पड़ा इसकी चर्चा आगे की गई है।

सबसे पहले जब खगोलविद मुंजाल ने 932 ईस्वी में इस अशुद्धि की तरफ ध्यान खींचा तब तक ऋतुनिष्ठ वसन्त संपात बिन्दु की तुलना में स्थिर अश्वनी के बिन्दु को मान कर की गई गणना वर्ष गणना के कारण–यह अशुद्धि नौ दिन की हो गई थी अर्थात दिन–रात जिस दिन बराबर होते थे उस वसन्त संपात को नौ दिन बाद दर्शाया जा रहा था। इसी प्रकार सूर्य का उत्तर दिशा–गमन आरम्भ के साथ दिन का मान बढ़ना जिस दिन से आरम्भ होता था उस उत्तरायण को भी नौ दिन बाद की तारीख में मकर संक्रांति के रूप में पञ्चाङ्ग में दर्शाया जा रहा था अर्थात उत्तरायण नौ दिन लेट मनाया जा रहा था।

यदि यह गलती इसी दसवीं सदी में सुधार ली गई होती तो हम उत्तरायण आज यह 24 दिन लेट 14 जनवरी को नहीं बल्कि ठीक 21 दिसंबर को ही प्रतिवर्ष मना रहे होते।

आप कहेंगे कि रुकिए, जाने भी दें, अभी तो मकर संक्रान्ति का गणित एकदम सही है व एकदम पक्का है वर्षों से यह 14 जनवरी को ही होती आई है और होती रहेगी। बस केवल कभी 14 या कभी 15 जनवरी इतना एक दिन का अन्तर ही तो पड़ता है।

पर ऐसा नहीं है। आप थोड़ा धैर्य रखिए कोई गणित नहीं करना है आपको। देखिए कि दसवीं सदी के नौ दिन की यह अशुद्धि सुरसा के मुख की तरह तेरहवीं सदी में 12–13 दिन की हो गई ।

ऐतिहासिक रिकार्ड का प्रमाण भी देख लीजिए : धर्म शास्त्रियों व पञ्चाङ्ग कर्ताओं को अधिमान्य हेमाद्रि पण्डित के लिखे 'कालनिर्णय' ग्रंथ में में बहुत ही स्पष्ट लिखा गया है कि प्रचलित मकरसंक्रांति से बारह दिन पहले उत्तरायण का पुण्यकाल पड़ता है इसलिए संक्रांति के लिए प्रतिपादित दान आदि कृत्य मकरसंक्रांति से बारह दिन पहले भी किया जा सकता है।

गणना करने पर मैंने देखा कि हेमाद्रि के काल 1260–70 ईस्वी के समय में उत्तरायण Winter Solstice तो आंग्ल दिनांक में 21 दिसम्बर को ही हुआ (क्योंकि पाश्चात्य काल गणना में ऋतु निष्ठ आधार लिया जाता है इसके आंग्ल दिनाक वही रहता है।) पर मकर संक्रांति 3 जनवरी को हुई थी अर्थात तेरहवीं सदी तक उत्तरायण और मकर संक्रांति में 12 – 13 दिन का अन्तर आ गया था।

अब आधुनिक समय में देखिए कि विवेकानन्द का जन्मदिन 1863 की मकरसंक्रांति का है तब उस वर्ष की मकर संक्रान्ति 12 जनवरी को हुई थी अर्थात 21 दिसम्बर के उत्तरायण से इस संक्रांति का अन्तर उन्नीस वीं सदी में 22 दिन हो गया था। फिर 2015 में यह अन्तर 24 दिन हुआ और 2023 में उत्तरायण और मकर संक्रांति में यह अन्तर चौबीस दिन चार घण्टे का हो गया था। जो आगे यह बढ़ेगा ही।

इसी क्रम में 2100 में मकर संक्रांति 16 जनवरी, 2200 में 17 जनवरी से बढ़ते बढ़ते यह फरवरी मार्च के वसन्त ऋतु में फिर ग्रीष्म ऋतु में आने लगेगी तब हमारी भावी पीढ़ी कहेगी कि इस गर्मी में गरम वस्त्र तिल गुड़ के दान का क्या औचित्य है? वरिष्ठ जन कहेंगे कि लगता है अब कलियुग आ ही गया है। संक्रांति ही क्यों सभी त्योहार ऋतु से पहले व ऋतु बाद में आती जा रही हैं जिनका अन्तर अभी 24 दिन होने अधिक नहीं दिखता है। मधु मास में श्री राम जन्म और वर्षा ऋतु में श्री कृष्ण जन्म उत्सव सभी में ऋतु के बदलाव का असर दिखेगा। कृषि कार्य में बोनी इत्यादि का भी वर्षा से सम्बन्ध बदलते जाने से असमंजस बढ़ेगा।

5. अतीत में वर्ष आरंभ बिन्दु के अनुसार स्थिर नक्षत्र में परिवर्तन अर्थात पञ्चाङ्ग सुधार कब कब हुए?

हैदराबाद उस्मानीय विश्वविद्यालय के खगोलभौतिकी के प्राध्यापक प्रोफेसर के डी अभ्यंकर के अनुसार प्राचीन काल में पहला पञ्चाङ्ग सुधार मृगशिर नक्षत्र से कृत्तिका नक्षत्र पर वसंत विषुव आने पर हुआ और कृत्तिका को नक्षत्र सूची में पहला नक्षत्र माना गया। दूसरा सुधार वसंत विषुव के कृत्तिका से अश्वनी नक्षत्र पर आने के समय हुआ, तब मेष राशि के अश्वनी को प्रथम नक्षत्र माना गया जो अभी भी जारी है। पर वसन्तविषुव अब मीन राशि के उत्तराभद्रपाद पर है इसे पहला नक्षत्र मानकर पञ्चाङ्ग संशोधन नहीं हो सका है, यद्यपि कलेंडर रिफॉर्म कमेटी ने इसे वर्ष गणना के लिए पहला नक्षत्र मान्य किया है। भारत में नोएडा के आचार्य दार्शनेय लोकेश जी का आर्ष तिथि पत्रक इसी ऋतु निष्ठ गणना पर आधारित एक मात्र पञ्चाङ्ग है जो धीरे–धीरे मान्यता पा रहा है। धर्म प्रधान देश में धर्माचार्य वर्ग के पञ्चाङ्ग परिवर्तन की पहल में शामिल होने पर ही बदलाव सम्पूर्ण हो सकेगा। परंतु पञ्चाङ्ग कर्ता अभी भी इस भ्रम में हैं कि अयन चलन जो अभी 24 अंश है वह अधितकतम 27 अंश तक जाकर वापस होगा 26 हजार वर्ष नहीं लगाएगा जब कि भौतिकी के नियम अनुसार ऐसा होने का नहीं।

इसलिए पञ्चाङ्ग की अशुद्धि नहीं सुधारी गई तो मकर संक्रांति सहित सभी पर्वों में कलियुग लाने के लिए हम ही जिम्मेदार होंगे। शेक्सपीयर ने एक नाटक में कहा है जो केवल प्रतीक्षा में खड़े रहते हैं वे भी गुनहगार होते हैं–

THEY ALSO SERVE WHO STAND AND WAIT

6. समाधान क्या है ?

इस समस्या का एक समाधान यह हो सकता है कि 14–15–16 जनवरी की मकर संक्रांति को तो हम स्नान दान के धर्म कृत्य करते रहें और सामाजिक सांस्कृतिक एकता का प्रतीक मान कर इसे इन्हीं तारीखों में मनाते रहें, परन्तु इसके मूल उत्तरायण को जैसा कि हेमाद्रि ने भी लिखा है –उत्तरायण के दिन 21 दिसम्बर को भी हम दान पुण्य और आत्मिक साधना करें तभी हम वैदिक संस्कृति के साथ और इस महिमामय पर्व के प्रति भी कुछ न्याय कर सकेंगे।

पादांत टिप्पणी

1. उत्तरायण और दक्षिणायन तथा वसन्त और शरत सम्पातः

सूर्य भ्रमण मार्ग के चार महत्वपूर्ण पड़ाव –

भूगोल की प्राथमिक कक्षाओं में हमने पढ़ा है कि पृथ्वी के बीचों बीच से होकर जाने वाली भूमध्य रेखा से साढ़े 23 अंश दक्षिण और इतने ही अंश उत्तर तक सूर्य का भ्रमण पथ है (वर्तमान में जिसकी सीमा वृत्त के 23 डिग्री 26 मिनिट उत्तर व दक्षिण में सूर्य की अधिकतम declination क्रांति है।) सूर्य को इस मार्ग के अधिकतम दक्षिण पर 21 दिसम्बर को पहुँचने के बाद से अधिकतम उत्तर तक जाने में छह माह लगते हैं यह इसका उत्तरायण मार्ग कहा जाता है। अयन का अर्थ है चलना इसलिए उत्तरायण का अर्थ है सूर्य का उत्तर मार्ग की ओर चलना। इसी प्रकार सूर्य को इस मार्ग की अधिकतम उत्तर दिशा पर 21 जून को पहुँच कर तक वापस अधिकतम दक्षिण छोर तक पहुँचने में भी छह माह लगते हैं यह इसका दक्षिणायन मार्ग कहा जाता है। सूर्य के अधिकतम दक्षिण से उत्तर की ओर 21 दिसम्बर से चलने पर इस छह माही मार्ग पर तीन बाद अगला पड़ाव भूमध्य रेखा पर आता है। 21 मार्च को जिसे वसन्त संपात कहते हैं। इसी प्रकार सूर्य अधिकतम उत्तर बिन्दु पर से दक्षिण की ओर चलने के इस छह माही मार्ग पर

तीन बाद अगला पड़ाव भूमध्य रेखा पर आता है 22 सितंबर को जिसे शरत संपात कहते हैं।

सूर्य उत्तरायण के मार्ग में सूर्य भूमध्य या विषुवरेखा पर 21 मार्च को पहुंचता है इस दिन पृथ्वी पर दिन और रात का मान समान होता है इस बिन्दु को विषुव सम्पात कहते हैं यह वसन्त ऋतु का समय होने से इसे वसन्त सम्पात Vernal Equinox भी कहते हैं। सूर्य के वसन्त सम्पात बिन्दु से आगे बढ़ने पर दिन बड़े और रात छोटी होने लगती हैं। सूर्य अधिकतम बिंदु पर 21 जून को पहुँचता है इस तारीख को दिन का मान अधिकतम होता होता है। इसी दिन से अर्थात 21 जून से दक्षिण मार्ग पर चल पड़ता है अर्थात दक्षिणायन हो जाता है। उत्तरी गोलार्द्ध में यह 21 जून वर्ष का सबसे बड़ा दिन होता है और इसके बाद से दिन छोटे होना शुरू हो जाता है। 21 जून से वर्षा ऋतु का आरम्भ भी होता है।

सूर्य अपनी इस दक्षिण यात्रा में तीन माह बाद दोबारा भूमध्य रेखा पर 22 सितंबर को पहुँचता है और तब दूसरी बार दिन और रात का मान समान हो जाता है और शरत ऋतु का आरम्भ होता है इसलिए इस बिन्दु को शरत सम्पात Autumnal Equinox कहते हैं। इसके आगे सूर्य के दक्षिण भ्रमण मार्ग का अगला पड़ाव भूमध्य रेखा से साढ़े 23 अंश दक्षिण होता है। दक्षिण के अधिक बिंदु पर सूर्य 21 दिसंबर को पहुँचता है यह वर्ष का सबसे छोटा दिन होता है। यहीं से यह सूर्य फिर से छह माह की उत्तर दिशा मार्ग की यात्रा आरम्भ करता है अर्थात उत्तरायण होता है। इसकी पहचान यही है कि इस दिन का दिनमान सबसे कम अवधि का होता है और सूर्य के उत्तरायण होने से इसी दिवस से दिन का मान बढ़ना आरम्भ हो जाता है।

इस प्रकार 21 मार्च का वसन्त सम्पात दिन रात समान अवधि का दिनांक 21 जून का दक्षिणायन अधिकतम दिन मान की अवधि का दिनांक 22 सितंबर का पुनः दिन रात समान अवधि का दिनांक शरत सम्पात, और 21 दिसम्बर का दक्षिणायन न्यूनतम दिनमान की अवधि का दिनांक या चार महत्वपूर्ण ऋतु और सूर्य स्थिति सूचक दिनांक हैं। इन चारों बिंदुओं की पहचान भारतीय पञ्चाङ्ग गणना में स्थिर तारों के सापेक्ष की जाती रही है।

वर्ष की गणना की दो पद्धतियाँ हैं। भारत में वसन्त सम्पात बिन्दु पर स्थित स्थिर के सापेक्ष तारे के आधार पर वर्ष का मान निर्धारित किया जाता रहा है। यह भारत में विगत दो हजार से अधिक सालों से प्रचलित रही है।

इसके अलावा ठीक वैसी ही ऋतु दोबारा आने में जितना समय लगे ऐसा ऋतुनिष्ठ वर्ष मान भी लिया जाता है। यह पश्चिमी देशों में मान्य है।



Sun/Earth/ Star Positions on Summer Solstice day over past 5000 years showing Earth'sPrecession

सूर्य का दक्षिणायन में प्रवेश के समय नक्षत्र स्थिति जो विगत 5000 वर्ष में निरंतर बदली है। इसी प्रकार दक्षिणायन से ठीक 180 अंश अंतर पर स्थित सूर्य की उत्तरायण या मकर संक्रांति के नक्षत्र की स्थिति भी बदलती रही है।

निष्कर्ष

इस समस्या का एक समाधान यह हो सकता है कि 14–15–16 जनवरी की मकर संक्रांति को तो हम स्नान दान के धर्म कृत्य करते रहें और सामाजिक सांस्कृतिक एकता का प्रतीक मान कर इसे इन्हीं तारीखों में मनाते रहें, परन्तु मूल या वास्तविक ऋतुनिष्ठ उत्तरायण के दिन 21 दिसम्बर को भी हम दान पुण्य और आत्मिक साधना करें जैसा कि हेमाद्रि ने अपने काल निर्णय में लिखा था। तभी हम वैदिक संस्कृति के साथ और इस महिमामय पर्व के प्रति भी कुछ न्याय कर सकेंगे। परन्तु धर्म प्रधान देश में धर्माचार्य वर्ग के पञ्चाङ्ग परिवर्तन की पहल में शामिल होने पर ही बदलाव सम्पूर्ण हो सकेगा।

संदर्भ

* गीता अध्याय 8 श्लोक 24 25
* छन्दोग्य उपनिषद 5–38
* प्रश्न उपनिषद 1–9–10
* नाक्षत्र sidereal और ऋतु निष्ठ tropical वर्षमान NC Lahiri's Indian Ephemeris 1999 page 11 Astro Research Bureau Calcutta.
* मुंजाल और उनका लघुमानस चंहम 234 Calendar Reforms Committee Report 1955 - CSIR New Delhi.
* काल निर्णय – हेमाद्रि पण्डित प्रोफेसर के डी अभ्यंकर, प्रोफेसर, उस्मानिया विश्वविद्यालय : निजी पत्राचार एवं स्वदेश दैनिक का ज्योतिष विशेषांक 1998 जयेन्द्र गंज ग्वालियर।
* आचार्य दार्शनेय लोकेश कृत : श्री मोहन कृति आर्ष पत्रकम् : देश का एक मात्र ऋतु निष्ठ गणित आधारित वार्षिक पञ्चाङ्गः ग्रेटर नोएडा, पिन–201308 (फोन नंबर – 9412354036) ईमेल darshney.smkatp@gmail.com

****

प्रेरक प्रसंग

पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर–दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा?

पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद–विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

****

Artificial Intelligence (AI): Transforming Safety and Health at Workplace

Ms. Pratibha Gupta
Scientific Officer-G
Institute for Plasma Research
Bhat, Gandhinagar-382428
E-mail:pgupta@ipr.res.in
Mobile:9879184211

AUTHOR'S INTRODUCTION

Author is serving as a Scientific Officer-G at Institute for Plasma Research, (IPR) Bhat, Gandhinagar, Gujarat. She is a member of publication committee of IPR and member of Official Language Implementation Committee, (OLIC). Pratibha is on editorial board of IPR Hindi patrika **"Plasmajyoti"** and IPR English Newsletter **"Fourth State"**. Pratibha has been awarded the Rajbhasha samman of IPR for years 2016-2017, 2017-2018, 2024-2025 for her contribution to science and technology in Hindi.

1. INTRODUCTION

Artificial intelligence (AI) is a field of science concerned with building computers and machines that can reason, learn, and act in such a way that would normally require human intelligence or that involves data whose scale exceeds what humans can analyse. [1]



Figure 1. Progressing subcomponents of AI systems.

Image Credit: The advancement of Artificial Intelligence (AI) in Occupational Health and Safety (OHS) across high-risk industries, Priyank Trivedi, Fahad M. Alqahtan, September 2024,Journal of Infrastructure Policy and Development,8(10):6889 [3]

2. DESCRIPTION

AI is a broad field that encompasses many different disciplines, including computer science, data analytics and statistics, hardware and software engineering, linguistics, neuroscience, and even philosophy and psychology. On an operational level for business use, AI is a set of technologies that are based primarily on machine learning and deep learning, used for data analytics, predictions and forecasting, object categorization, natural language processing, recommendations, intelligent data retrieval, and more. AI systems learn and improve through exposure to vast amounts of data, identifying patterns and relationships that humans may miss. These patterns can show how they can lead to a mishap. Such patterns raise a red flag for the workers and workers can immediately take remedial measures in real time thus avoiding an accident.

Deep learning, a further specialization, utilizes artificial neural networks with multiple layers to process information, mimicking the structure and function of the human brain. Through continuous learning and adaptation, AI systems become increasingly adept at performing specific tasks, from recognizing images to translating languages and beyond.

3. USE OF AI FOR WORKER'S SAFETY

Dangerous tasks at workplaces can be automated. Certain jobs are inherently dangerous, whether it's working at height, handling hazardous materials, or operating heavy machinery. AI can take over many of these tasks, reducing the need for humans to perform them. For example, drones can inspect dangerous sites, and robots can handle toxic chemicals. This doesn't just make the workplace safer—it also allows workers to focus on less hazardous, more skilled tasks.Risk assessment is critical in every workplace. Traditionally, it relies on manual checks and human judgement, which can sometimes miss key factors. AI, on the other hand, can analyse large amounts of data in real time, spotting risks we might overlook. It can identify trends and patterns that suggest potential hazards, enabling companies to act before incidents occur. This proactive approach makes workplaces safer and keeps operations running smoothly.Worker health monitoring is also important in safety. Employee health has become a top priority for many organisations, and AI can help here too. AI-powered wearable, for example, can track workers' vital signs, stress levels, and overall health during shifts. If a worker shows signs of fatigue or stress, the system can notify management, allowing them to take preventative action. This real-time monitoring improves worker health and reduces the risk of accidents caused by fatigue or stress.

3.1 AUTOMATED DECISION MAKING

AI can automate workflows and processes or work independently and autonomously from a human team. A smart factory may have dozens of different kinds of AI in use, such as robots using computer vision to navigate the factory floor or to inspect products for defects, create digital twins, or use real-time analytics to measure efficiency and output. The decision making capability of human at times can be affected by weariness. This is not so in case of the automated machines.[2]

3.2 REDUCE HUMAN ERROR

AI can eliminate manual errors in data processing, analytics, assembly in manufacturing, and other tasks through automation and algorithms that follow the same processes every single time. The human factor of tiredness is overcome.[2]

3.3 ELIMINATES REPETITIVE TASKS

AI can be used to perform repetitive tasks, freeing human capital to work on higher impact problems. AI can be used to automate processes, like verifying documents, transcribing phone calls, or answering simple customer questions like "what time do you close?"

3.4 FAST AND ACCURATE

AI can process more information more quickly than a human, finding patterns and discovering relationships in data that a human may miss. So even a novice worker unknown to the perils of his duty in contrast to a seasoned worker can be alerted by the alarm raised by the AI fed computer. A precious life can be saved with AI.

3.5 TRAINING FOR DANGEROUS JOBS

Training to work at heights (may cause vertigo) and near furnace (high heat source) can be done with help of Virtual Reality (VR) or Augmented Reality (AR). The risk associated with such training can be mitigated.

3.6 DISASTER MANAGEMENT

AI can be used for human rescue training during disasters like flash floods, accidents, pandemics, endemics, earthquakes and fires. Thus it is a helpful tool for disaster management.

3.7 AI IN WEARABLE TECHNOLOGY

The wearable technology using AI can monitor the blood pressure, oxygen level and pulse rate and send it to central monitor where a supervisor can send a rescue team to rescue a worker from a probable casualty in case of unusual reading of oxygen level where the worker would collapse due to asphyxia. Safety helmets with cameras and Global Positioning System (GPS) worn by miners are extremely useful for safety of workers working in coal mines. In case of accidents when they get trapped in debris, they can be evacuated within a short time which is vital for their survival.

3.8 AI IN ROBOTICS

The combination has led to AI robotics. This integration is transforming industries like healthcare, manufacturing, and autonomous vehicles. Robots are often used to perform "dull, dirty, or dangerous" tasks in the place of a human. Use of articulated arm can fetch things from places where it is not humanly possible because of danger associated.

3.9 AI IN VEHICLES

The truck drivers driving trucks for long distances day and night tend to fall asleep while driving which can lead to accidents. The camera and AI can monitor the drivers eye movements and yawning and can ring an alarm to alert the driver. In some test trials done it can also take the car near to side of road and parks it.

3.10 AI IN DRONES

Drones using AI can be used during disasters like fire in jungles to sprinkle water and douse fire which is wide spread and in remote areas. Drones can be used to drop food packets and drinking water to people trapped in areas ravaged by floods.

3.11 AI IN CYBERSECURITY

AI autonomously scans networks for cyber-attacks and threats. Thus protecting the data of strategic importance and national security. AI can help automate aspects of cybersecurity by continuously monitoring and analysing network traffic. Also financial transactions carried out by workers remain safe by AI softwares. Spyware, malware and malicious files are removed 24×7 from suspicious e-mails sent to hack important portals which contain private information of citizens. Use of Artificial Narrow Intelligence (ANI) for cybersecurity is a boon. ANI models are designed to perform a single, specific task, such as identifying images, engaging in chat, or filtering emails. Examples include voice assistants, facial recognition technology, and generative AI models like Gemini and other large language models (LLMs). Despite its name, ANI does not possess reasoning or self-awareness; instead, it combines data with an algorithm to make predictions within predefined parameters. While ANI offers many benefits, it also carries risks, as poor training data can lead to biased or inaccurate outputs, which can be critical in applications like loan approvals, hiring decisions, and predictive policing. Cybercriminals can also potentially exploit ANI to create sophisticated AI-driven scams.

4. SUMMARY

Artificial Intelligence is playing a major role in transforming industries and technologies. Be it the factories, warehouse, automobiles, operating theatres or skill training, it is being used for increasing productivity, accuracy, precision and safety. AI has revolusionised safety at the workplace. It has diminished the fine line of experienced worker and novice worker. The years of experience of a seasoned worker has been translated into the data secured by data mining. The data fed into computer can do predictive modelling which can raise an alarm of a danger to a novice who is not well versed with his working conditions and environment. Thus avoiding an accident to happen.

5. CONCLUSION

The integration of Artificial Intelligence (AI) in Occupational Health and Safety (OHS) across high-risk industries like construction, mining, and oil and gas has notably enhanced risk management strategies traditionally dependent on human judgment and site accessibility. Key AI technologies applied include computer vision for real-time monitoring of worksites, sensor networks for data collection, machine learning for predictive analysis, and knowledge-based systems for decision-making. These technologies streamline the identification and management of hazards from the planning stage through active operations, facilitating a more proactive approach to safety. In the construction sector, AI is integrated with building information modeling to preemptively identify risks during design and planning phases. Similarly, in mining and oil and gas, extensive sensor networks and computer vision systems offer robust frameworks for hazard detection, risk assessment, and sometimes, prediction of potential safety incidents. AI's role in personalizing training protocols also underscores its importance in enhancing worker preparedness and response strategies.[3] With a blend of technology, human intuition or oversight and artificial intelligence, workplace are becoming safer by the day.

6. FUTURE

Evolution of Artificial Intelligence to Artificial General Intelligence (AGI) and Artificial SuperIntelligence (ASI), in which the machine would be able to function in all ways superior to a human would make the workers and their workspace a safe haven.

7. REFERENCES

1. https://cloud.google.com/learn/what-is-artificial-intelligence.
2.https://stockwellsafety.com/how-ai-in-health-and-safety-might-affect-the-workplace/
3. The advancement of Artificial Intelligence (AI) in Occupational Health and Safety (OHS) across high-risk industries, Priyank Trivedi, Fahad M. Alqahtan, September 2024,Journal of Infrastructure Policy and Development, 8(10):6889

****

दुर्लभ मृदा तत्व और उनके अनुप्रयोग

श्याम सुंदर शर्मा[1], ,सविता शर्मा[2]
[1]राजकीय महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर–305002
[2]तेजा मेमोरियल शिक्षण संस्थान–रूपनगढ़, अजमेर–305814
Email : shyam@gweca.ac.in

लेखक परिचय

लेखक वर्तमान में अजमेर स्थित राजकीय महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय में भौतिकी विभाग में वरिष्ठ प्राध्यापक हैं। उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से ऑर्गेनिक सोलर सेल के क्षेत्र में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं और अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सम्मेलनों की संगोष्ठियो में उनके 90 से अधिक शोध प्रकाशन प्रकाशित हो चुके हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा लेखक को युवा वैज्ञानिक परियोजना पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

लेखिका वर्तमान में तेजा मेमोरियल शिक्षण संस्थान–रूपनगढ़, अजमेर में प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने विज्ञान शिक्षण रणनीतियों के क्षेत्र में वनस्थली विद्यापीठ से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। वह पिछले 15 वर्षों से शिक्षण पेशे से जुड़ी हैं।

1. परिचय

दुर्लभ मृदा तत्व या रेयर अर्थ मटेरियल्स (Rare Earth Materials) आधुनिक विज्ञान और तकनीक की दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये तत्व आवर्त सारणी के लैंथेनाइड श्रेणी (Lanthanide Series) के 15 तत्वों (57 से 71) के साथ–साथ स्कैन्डियम (Sc) और यिट्रियम (Y) को मिलाकर कुल 17 तत्वों का समूह हैं। ये आम तौर पर भू–पृष्ठ के भीतर खनिज अयस्कों में पाए जाते हैं।

रेयर अर्थ तत्वों की रासायनिक संरचना लगभग समान होती है, लेकिन भौतिक गुणों में थोड़ा–थोड़ा अंतर उन्हें विशिष्ट बनाता है। इनके विशेष चुंबकीय (Magnetic), प्रकाशीय (Optical) और वैद्युतिक (Electrical) गुणों के कारण ये तत्व आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, रक्षा, चिकित्सा और अंतरिक्ष तकनीक में अत्यावश्यक हो गए हैं।

2. दुर्लभ मृदा तत्वों की खोज व इतिहास

इन तत्वों की शुरुआती खोज 18वीं सदी में स्वीडन के येट्टरबी क्षेत्र में गैडोलिनाइट खनिज से हुई थी। कई तत्वों के नाम भी इसी क्षेत्र के नाम पर ही रखे गए हैं। इनका नाम "दुर्लभ" इसलिए रखा गया क्योंकि इन्हें पृथ्वी की परत में यद्यपि पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, (उदाहरणस्वरूप सिरियम पृथ्वी का 25वाँ सबसे अधिक पाया जाने वाला तत्व है।) लेकिन वितरित अवस्था में होने के कारण इन्हें शुद्ध रूप में निकालना और अलग करना अत्यंत कठिन और जटिल प्रक्रिया है। ये अक्सर अन्य खनिजों के साथ मिश्रित अवस्था में मिलते हैं, जिससे इनका निष्कर्षण (Extraction) महंगा और समय–साध्य हो जाता है।

3. प्रमुख भौतिक एवं रासायनिक गुण

* ये चाँदी जैसे रंग की चमकीली धातुएं, लेकिन हवा में जल्दी धूमिल (ऑक्सीकरण) होती धातुएं हैं।
* इनमें उच्च विद्युत चालकता होती है और चुंबकीय, विद्युत तथा प्रकाशीय गुणों में विशिष्टता पाई जाती है।
* इनकी संरचना और घुलनशीलता में बहुत सूक्ष्म अंतर होता है, जिससे इन्हें अलग करना मुश्किल होता है।

इनके विशेष गुणों के कारण आधुनिक विज्ञान में इनकी बहुत उपयोगिता है।

4. दुर्लभ मृदा तत्वों का पृथक्करण

खनिजों से इनका पृथक्करण शुद्ध रूप में करना अत्यंत कठिन होता है। इन्हें शुद्ध रूप में प्राप्त करने के लिए खनिजों को पीसकर अम्ल व अन्य रासायनिक विधियों से व्यवहारित किया जाता है। कई बार ये द्विगुण लवण के रूप में परिशिष्ट किए जाते हैं और बार–बार शोधन की प्रक्रिया दोहरानी पड़ती है जिसके चलते लागत बढ़ जाती है।

5. दुर्लभ मृदा तत्वों के प्रमुख अनुप्रयोग

इन तत्वों का इस्तेमाल उन तकनीकों व उपकरणों में किया जाता है, जो आधुनिक जीवन के हर क्षेत्र में मौजूद हैं– जैसे

(क) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना तकनीक

* नियोडिमियम (Nd) और प्रेजियोडिमियम (Pr) से बने उच्च–शक्ति वाले चुंबक मोबाइल फोन, लैपटॉप, हेडफोन, हार्ड ड्राइव और माइक्रोफोन में प्रयोग होते हैं।
* यूरोपियम (Eu) और टरबियम (Tb) टीवी और कंप्यूटर स्क्रीन के रंगीन प्रदर्शन के लिए आवश्यक फॉस्फर पदार्थों में प्रयुक्त होते हैं।
* सेरियम (Ce) का ग्लास की सतह को चमकाने वाले पॉलिशिंग पाउडर में उपयोग किया जाता है।

(ख) नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy) और पर्यावरण संरक्षण

* पवन टरबाइन में उच्च शक्ति वाले स्थायी चुंबक (Nd-Fe-B) का प्रयोग होता है।
* इलेक्ट्रिक वाहन (EV) की मोटरों में नियोडिमियम और डिस्प्रोसियम के चुंबक उपयोग होते हैं।
* सेरियम ऑक्साइड (CeO_2) ऑटोमोबाइल कैटालिटिक कन्वर्टर में कार्बन मोनोऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों को कम करता है।

(ग) रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र

* इट्रियम और एरबियम आधारित लेजर मिसाइल गाइडेंस सिस्टम और रेंज फाइंडर में प्रयुक्त होते हैं।
* गैडोलिनियम और होल्मियम न्यूक्लियर रिएक्टरों में नियंत्रण रॉड (Control Rods) के रूप में काम करते हैं।
* उपग्रहों, रडार और नाइट–विजन उपकरणों में भी इनका उपयोग होता है।

(घ) चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र

* गैडोलिनियम (Gd) MRI स्कैन में कॉन्ट्रास्ट एजेंट के रूप में उपयोग होता है।
* लैंथेनम (La) हड्डी और रक्त से संबंधित दवाओं में प्रयुक्त होता है।
* थुलियम (Tm) और इटरबियम (Yb) लेजर सर्जरी तथा कैंसर उपचार में उपयोगी हैं।

(ङ) औद्योगिक और निर्माण क्षेत्र

* स्कैन्डियम (Sc) को एल्युमिनियम मिश्र धातु में मिलाकर विमान और रॉकेट संरचनाएँ बनाई जाती हैं।
* सेरियम और लैंथेनम पेट्रोलियम रिफाइनिंग में उत्प्रेरक (Catalyst) के रूप में काम करते हैं।
* इट्रियम सिरेमिक और सुपरकंडक्टर सामग्री में प्रयोग होता है, जो उच्च तापमान पर भी स्थिर रहता है।

6. वैश्विक उत्पादन और भारत की स्थिति

वर्तमान में चीन विश्व के लगभग 65–70% रेयर अर्थ तत्वों का उत्पादन करता है। इसके बाद अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया और वियतनाम का स्थान आता है। स्टेटिस्टा–2024 रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास दुनिया के दुर्लभ मृदा तत्व (REE) भंडार का 6–8 प्रतिशत है, लेकिन वैश्विक REE खनन में इसका योगदान 1% से भी कम है। 2023 भारतीय खनिज वर्ष पुस्तिका के अनुसार भारत में केरल, ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्य मोनाजाइट रेत में समृद्ध हैं। दुर्लभ मृदा तत्व आमतौर पर रेडियोधर्मिता (थोरियम) से जुड़े होते हैं, जिससे निष्कर्षण लंबा, जटिल और महंगा हो जाता है। साथ ही, अनुप्रवाह प्रसंस्करण और शोधन अवसंरचना की कमी के कारण भारत को कच्चे या अर्ध–प्रसंस्कृत माल का निर्यात और मूल्यवर्धित उत्पादों का आयात करना पड़ रहा है तथा तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) मानदंड जैसे नियामक प्रतिबंध भी खनन गतिविधियों को सीमित करते हैं।

इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (IREL) इनका खनन, शोधन और विपणन करती है, लेकिन भारत में ज्यादातर उत्पादन अभी प्राथमिक उत्पादों तक ही सीमित है, उच्च स्तरीय प्रसंस्करण व विनिर्माण के लिए अनुसन्धान व निवेश की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है। 17 दुर्लभ मृदा तत्व हैं, जिनमें से भारत लगभग आठ REE का उत्पादन करता है, जिनमें लैंथेनम, सेरियम, प्रेजोडियम, नियोडिमियम, गैडोलीनियम, डिस्प्रोसियम, यिट्रियम और समैरियम शामिल हैं।

7. भविष्य की संभावनाएँ और निष्कर्ष

दुर्लभ मृदा तत्व आधुनिक युग की तकनीकी प्रगति के "अदृश्य स्तंभ" हैं। ये ऊर्जा दक्षता, संचार, रक्षा, चिकित्सा और अंतरिक्ष तकनीक हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भविष्य में इनकी माँग इलेक्ट्रिक वाहनों, ग्रीन एनर्जी और स्मार्ट डिवाइसों के प्रसार के साथ और बढ़ेगी। भारत के लिए यह अवसर है कि वे स्थायी खनन तकनीक, अनुसंधान और घरेलू विनिर्माण के माध्यम से इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें। दुर्लभ मृदा तत्व हमें न केवल तकनीकी रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि सतत विकास और ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं।

संदर्भ

* T. Dutta et al. (2016). "Global demand for rare earth resources and strategies for green mining." Environmental Research, 150, 182–190.
* M Dave, S Kumar, B Dalela, PA Alvi, SS Sharma, DM Phase, M Gupta, Shalendra Kumar, S Dalela (2020), Interplay of structural, optical, and magnetic properties of Ce1-xNdxO2-δ nanoparticles with electronic structure probed using X-ray absorption spectroscopy, Vacuum 180, 109537.
* V. Balaram (2019). "Rare earth elements: A review of applications, occurrence, exploration, analysis, recycling, and environmental impact." Geoscience Frontiers, 10(4), 1285–1306.
* S Soni, M Dave, B Dalela, PA Alvi, S Kumar, SS Sharma, DM Phase, M Gupta, S Dalela (2020) Effect of defects and oxygen vacancies on the RTFM properties of pure and Gd-doped CeO2 nanomaterials through soft XAS, Applied Physics A 126 (8), 585.
* IREL (India) Limited. "Corporate Research & Development (R&D) Policy." IREL's R&D policy document outlines value addition, development of processes for rare earth purification, smart materials, and strategic applications for defence and nuclear sectors.
* SS Sharma, K Sharma, J Sahu, J Ray, SK Gupta, S Dalela (2023), Role of rare-earth oxides, conjugated with TiO_2, in the enhancement of power conversion efficiency of dye sensitized solar cells (DSSCs), Environmental Science and Pollution Research 30, 98760–98772.
* ACS Publications (2024). "Rare Earth Interface Structure Materials: Synthesis, Interface, and Energy Applications." Accounts of Chemical Research, 57(5), 723-735.

****

A Review of Structural (Engineering) Methods of Landslide Mitigation



Ankit Varshney
Assistant Professor, Department of Civil Engineering,
Teerthanker Mahaveer University, Moradabad
Email: ankitcivil.engineering@tmu.ac.in

AUTHOR'S INTRODUCTION

The author is a dedicated teaching professional with a B.Tech and M.Tech in Civil Engineering, alongside an MBA in Marketing. For over 14 years, he has been teaching B.Tech, M.Tech & Architecture courses, guiding students at the intersection of design and engineering. His specialization in transportation planning and management, coupled with a focus on RCC, transportation engineering, public health, and environmental engineering management,shapes his pedagogical approach. He has published numerous papers in national/international journals and conferences.

ABSTRACT

Landslides are among the most damaging geo-hazards worldwide, causing significant loss of life, infrastructure damage, and environmental degradation, particularly in mountainous and rapidly urbanizing regions. Structural (engineering) methods play a critical role in reducing landslide risk by directly enhancing slope stability and controlling triggering factors such as excess pore water pressure and inadequate shear resistance. This review paper synthesizes the fundamental principles, design approaches, applicability conditions, advantages, and limitations of major structural mitigation techniques used in landslide-prone areas. The study systematically examines geometric slope modification, drainage control systems, retaining structures, reinforcement techniques (including soil nailing, rock bolts, and ground anchors), rockfall protection measures, grouting and soil improvement methods, and bioengineering-based structural stabilization. A comparative evaluation is presented to highlight the effectiveness of each method under varying geological, hydrological, and topographic conditions. The review emphasizes that drainage control is often the most cost-effective and essential first step in rainfall-induced landslides, while reinforcement and retaining systems are particularly suitable for space-constrained and infrastructure-critical settings.

Deep-seated failures frequently require anchoring or ground improvement techniques, whereas bioengineering approaches are effective for shallow instability and erosion control. The paper further discusses the importance of integrated design, site-specific investigation, and stability analysis in selecting appropriate mitigation strategies. It underscores that no single structural method is universally applicable and that combined approaches tailored to local conditions generally provide the most reliable and sustainable solutions. By consolidating current knowledge and practical considerations, this review aims to support engineers, researchers, and planners in developing resilient, cost-effective, and environmentally responsible landslide stabilization strategies.

Keywords: landslide mitigation, slope stability, engineering measures, slope modification

1. INTRODUCTION

Landslides are among the most widespread and destructive geohazards, posing significant risks to human life, infrastructure, and the environment worldwide [1-3]. Triggered by natural factors such as intense rainfall, earthquakes, volcanic activity, and weathering, as well as by anthropogenic influences including deforestation, slope cutting, mining, and unplanned urbanization, landslides frequently result in substantial socio-economic losses [4]. Mountainous and hilly regions in particular—such as the Nepal Himalayas, the India Western Ghats, and the Japan archipelago—experience recurrent slope failures that disrupt transportation networks, damage settlements, and hinder sustainable development [5].

In recent decades, the increasing frequency and intensity of extreme weather events, often associated with climate variability and change, have exacerbated slope instability in many parts of the world [6]. Rapid population growth and infrastructure expansion into marginal and hazard-prone lands further amplify landslide vulnerability [6].
Consequently, effective landslide mitigation has become a critical component of disaster risk reduction and resilient infrastructure planning [7].

Landslide mitigation encompasses a broad spectrum of strategies aimed at reducing the likelihood of slope failure and minimizing its impacts [8]. These strategies can be broadly categorized into structural and non-structural measures. Structural approaches include engineering interventions such as retaining walls, rock bolts, soil nailing, ground anchors, drainage systems, and bioengineering techniques designed to enhance slope stability[9]. Non-structural measures involve land-use planning, hazard zonation, early warning systems, monitoring technologies, and community-based risk management. Advances in geotechnical engineering, remote sensing, geographic information systems (GIS), and numerical modeling have significantly improved the design and implementation of both categories of mitigation measures [10-11].

Despite substantial progress, challenges remain in selecting appropriate mitigation techniques for diverse geological, hydrological, and socio-economic contexts. Site-specific conditions, cost constraints, environmental considerations, and long-term maintenance requirements must be carefully evaluated to ensure sustainable solutions. Furthermore, integrated approaches that combine engineering measures with ecosystem-based and policy-driven strategies are increasingly recognized as essential for long-term risk reduction.

This review paper aims to synthesize existing knowledge on structural (engineering) methods of landslide mitigation, critically examine their principles, advantages, and limitations, and highlight emerging trends and research gaps. By providing a

comprehensive overview of current practices and innovations, the paper seeks to support researchers, engineers, planners, and policymakers in developing effective, context-sensitive strategies for landslide risk management.

2. STRUCTURAL (ENGINEERING) METHODS OF LANDSLIDE MITIGATION

Over the years, researchers and engineers have developed various approaches to reduce landslide susceptibility and associated hazards. These approaches range from direct engineering interventions to policy-based and ecosystem-oriented strategies. A systematic classification of these structural mitigation methods is given as follows:

- Geometric Modification of Slopes
- Drainage Control
- Retaining Structures
- Reinforcement Techniques
- Rockfall Protection Measures
- Grouting and Soil Improvement
- Bioengineering and Vegetative Measures

3. DETAILS OF STRUCTURAL (ENGINEERING) METHODS

Structural or engineering methods of landslide mitigation involve direct physical intervention to stabilize slopes, reduce driving forces, increase resisting forces, or protect infrastructure from damage. These measures are designed based on detailed geotechnical investigations, slope stability analysis, hydrological assessment, and an understanding of failure mechanisms [12]. Unlike non-structural approaches, structural methods actively modify slope geometry, soil properties, drainage conditions, or support systems to enhance overall stability. Their selection depends on landslide type (rotational, translational, debris flow, or rockfall), soil and rock characteristics, groundwater conditions, slope angle, and economic feasibility. Figure 1 illustrates the classification of structural (engineering) methods of landslide mitigation.

- One of the most fundamental structural approaches is geometric modification of slopes. Since slope angle directly influences shear stress and Factor of Safety, reducing the inclination of a slope significantly decreases the driving forces responsible for failure. This method includes slope flattening, trimming over-steepened cuts, and benching or terracing. Benching divides a long slope into a series of smaller steps, which reduces runoff velocity, minimizes erosion, and interrupts potential failure planes. In some cases, removal of unstable or highly weathered material from the crest of the slope reduces surcharge load and enhances stability. Geometric modification is often cost-effective for soil slopes but may be limited in rocky or space-constrained areas such as highways and urban environments [13].

- Drainage control is widely regarded as the most effective and economical structural mitigation technique because water plays a critical role in slope instability. Increased pore water pressure reduces effective stress and shear strength, thereby lowering the Factor of Safety. Structural drainage systems aim to prevent water infiltration and remove excess groundwater [14]. Surface drainage measures include catch drains, interceptor drains, diversion channels, and lined ditches that redirect runoff away from vulnerable slopes. Subsurface drainage systems such as horizontal drains, perforated pipes, French drains, and drainage galleries are installed to lower the groundwater table and relieve pore pressure. Toe drains are commonly constructed at the base of slopes to prevent water accumulation. Proper maintenance of drainage systems is essential, as clogging or blockages can quickly negate their effectiveness [15].

